संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

'सफलता की खुशबू तभी आती है जब मेहनत की मिट्टी में पसीना मिलता है।'



12 अक्टूबर, 1861 को भारत में रेलवे का विस्तार तेज़ हुआ और कई नई रेल लाइनों का निर्माण शुरू हुआ।

पूर्णिया रविवार 12 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 201

# प्रधानमंत्री ने क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ से एआई नवाचार, कौशल विकास में भारत की प्रगति पर चर्चा की

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**क्वालकॉम ने भारत के एआई और सेमीकंडक्टर मिशनों के समर्थन में साझेदारी मजबूत करने और 6जी में बदलाव पर चर्चा की।**

------------------



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो आर. अमोन से मुलाकात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार और कौशल विकास में भारत की प्रगति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए बेजोड़ प्रतिभा और पैमाने प्रदान करता है जो सामूहिक भविष्य को आकार देंगी।

क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो आर. अमोन ने भारत-एआई और भारत सेमीकंडक्टर मिशनों के समर्थन में क्वालकॉम और भारत के बीच साझेदारी को मज़बूत करने और 6जी में बदलाव पर हुई उपयोगी चर्चा के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने एआई स्मार्टफ़ोन, पीसी, स्मार्ट ग्लास, ऑटोमोटिव, औद्योगिक क्षेत्रों आदि में एक भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के अवसरों पर प्रकाश डाला।प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "क्रिस्टियानो आर. अमोन के साथ यह एक अद्भुत बैठक थी और हमने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार और कौशल विकास में भारत की प्रगति पर चर्चा की। भारत के सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता देखकर बहुत अच्छा लगा। भारत ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए बेजोड़ प्रतिभा और व्यापकता प्रदान करता है जो हमारे सामूहिक भविष्य को आकार देंगी।"

इससे पहले क्रिस्टियानो आर. अमोन ने एक्स पर लिखा, "भारत के एआई और सेमीकंडक्टर मिशनों के साथ-साथ 6जी में बदलाव के समर्थन में क्वालकॉम और भारत के बीच व्यापक साझेदारी को बढ़ावा देने पर हुई शानदार बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद। हम एआई स्मार्टफ़ोन, पीसी, स्मार्ट ग्लास, ऑटो, औद्योगिक और अन्य क्षेत्रों में एक भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के अवसरों से उत्साहित हैं।"

## प्रधानमंत्री से मिले अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका कार्यकाल भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगा। सर्जियो गोर ने मुलाकात को सम्मानजनक बताया और कहा कि अमेरिका भारत के साथ संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। विदेश मंत्री



डॉ. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भी उनसे भेंट की। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने साझा प्राथमिकताओं और रणनीतिक साझेदारी पर सार्थक बातचीत की पुष्टि की।

## दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ ऐतिहासिक पहल : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**01: एमएसपी, यूरिया, डीएपी, किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा में किसानों को व्यापक लाभ दिया गया।**

------------------

**02 : देशभर में 52 लाख किसान एफपीओ के शेयर होल्डर बन चुके हैं और 1,100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं।**

------------------



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूसा में "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" और "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" का शुभारंभ किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने इसे देश के लिए एक महत्वपूर्ण कृषि एवं आर्थिक सौगात बताया। इन पहलों के माध्यम से देश के आकांक्षी जिलों में 11 मंत्रालयों की 36 उप-योजनाओं का समन्वय होगा और दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

**निवेश एवं अवसंरचना विकास** समारोह में प्रधानमंत्री ने 1,100 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिससे 42,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश ग्रामीण भारत में कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट्स और वेयरहाउस में होगा।

**किसानों एवं एफपीओ का सशक्तिकरण** : प्रधानमंत्री ने उत्कृष्ट किसानों और एफपीओ को सम्मानित किया। कृषि मंत्री ने बताया कि एमएसपी, यूरिया, डीएपी, किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा में लाभकारी सुधार किए गए हैं। देशभर में 52 लाख किसान एफपीओज के शेयर होल्डर बन चुके हैं और 1,100 एफपीओ करोड़पति बनकर 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का टर्नओवर कर चुके हैं।

### एडीजीपी वाई. पूरन कुमार आत्महत्या मामला : एसपी नरेंद्र बिजरानिया हटाए गए,

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस वाई. पूरन कुमार की 7 अक्टूबर को आत्महत्या के मामले में रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजरानिया को हटा दिया गया। उनके स्थान पर सुरेंद्र सिंह भौरिया को नया एसपी नियुक्त किया गया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर पर कार्रवाई अभी तय नहीं हुई है। पूरण कुमार का शव पांचवें दिन भी पोस्टमार्टम के लिए नहीं पहुंचा। प्रशासन ने शव को पीजीआई शिफ्ट किया, लेकिन परिवार ने इसकी अनुमति नहीं दी। एसएसपी कंवरदीप कौर ने परिवार से बातचीत जारी रखने की जानकारी दी।

## बिहार विस चुनाव : सीट बंटवारे पर एनडीए की बैठक, नड्डा से मिले मांझी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली में मंथन जारी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर सुबह से बैठकें चल रही हैं। भाजपा कोर कमेटी की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और अन्य बिहार नेता मौजूद रहे। सहयोगी दलों से चर्चा एनडीए में सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए सहयोगी दलों से भी चर्चा हो रही है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने दोपहर



को जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके अलावा उपेन्द्र कुशवाहा और चिराग पासवान भी दिल्ली में बैठक में शामिल हैं। बताया जा रहा है कि शाम तक सीट बंटवारा फाइनल हो सकता है। चुनाव की रूपरेखा बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होगा। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है।

## राजधानी पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र से 9 लाख की कोडीन फास्फेट सिरप जब्त

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में शराबबंदी कानून एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की गश्ती टीम द्वारा शनिवार को पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र से 9 लाख रुपये मूल्य की कोडीन फास्फेट सिरप को जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान छाई रोड, टोल प्लाज़ा दीदारगंज के पास एक संदिग्ध पिकअप वैन को देखकर टीम को संदेह हुआ। वाहन चालक



द्वारा गाड़ी की दिशा बदलते देख टीम ने तुरंत उसका पीछा किया। पीछा करने के क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया, जिसका लाभ उठाकर चालक, खलासी वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान सोयाबीन एवं चिप्स के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई प्रतिबंधित कोडीन फास्फेट सिरप भारी मात्रा में बरामद की गई। सिरप को जब्त कर लिया गया है। जब्त कोडीन फास्फेट सिरप की संख्या 50 कार्टन (कुल 7500 बोतलें) हैं, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 9 लाख रुपये बताया जा रहा है



# बिहार में दोनों महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर अबतक नहीं बनी सहमति

## » राजग में सीट शेयरिंग और उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन जारी है

## » पूर्व सांसद अरुण कुमार और उनके बेटे ऋतुराज जदयू में शामिल हुए

## » महागठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति और उम्मीदवारों पर चर्चा की गई

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हो गई है। इस बीच राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट शेयरिंग और उम्मीदवार चयन को लेकर अभी भी मंथन का दौर जारी है। राजग में इस समय अंतिम निर्णय लेने के लिए केंद्रीय नेताओं के बीच लगातार बैठकें हो रही हैं।




**राजग में सीट शेयरिंग पर चर्चाएं तेज** : राजग के भीतर सीट बंटवारे को लेकर चर्चा चुनावी माहौल को और रोचक बना रही है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैठक में कहा कि सभी दलों के साथ विचार-विमर्श लगभग पूरा हो चुका है और किसी को नाराजगी नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही सीट बंटवारे की घोषणा करेगा।

**पार्टी में नए शामिल और चुनावी संकेत** : भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने स्पष्ट किया कि वह बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखेंगे। वहीं पूर्व सांसद अरुण कुमार बेटे ऋतुराज के साथ जदयू में शामिल हो गए। जदयू के मिलन समारोह में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी भी उपस्थित रहे।

**केंद्रीय नेताओं की बैठकें और अंतिम निर्णय** : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। बैठक में सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई। इससे पहले जेपी नड्डा से जीतन राम मांझी की 25 मिनट की मुलाकात हुई। केंद्रीय नेताओं जैसे जितन राम मांझी और सुरेश शर्मा दिल्ली में बैठक कर सीटों और उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय लेने में जुटे हैं।

**महागठबंधन की रणनीति और उम्मीदवार चयन** : दूसरी ओर पटना में राजद अध्यक्ष लालू यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (महागठबंधन) की बड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद तेजस्वी यादव दिल्ली रवाना होंगे, जहां वे राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति और उम्मीदवारों पर चर्चा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण का नामांकन 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि दूसरे चरण का नामांकन 13 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक निर्धारित है। आयोग ने बताया कि पहले चरण के कई उम्मीदवारों की नामांकन रिपोर्ट पहले ही कट चुकी है और अब केवल औपचारिक प्रक्रिया बाकी है।

## पटना में ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन सम्पन्न

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के लिए आज पटना समाहरणालय स्थित एनआईसी में ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। इस प्रक्रिया में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाची पदाधिकारी मौजूद थे।



**मतदान केंद्रों की संख्या और सहायक केंद्र** : पटना जिले के 14 विधान सभा क्षेत्रों में कुल 5,665 मतदान केंद्र हैं। भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार अधिकतम 1,250 निर्वाचकों के आधार पर मतदान केंद्रों में बिना किसी परिवर्तन के 12 सहायक मतदान केंद्रों की स्थापना की गई। इसके परिणामस्वरूप कुल 5,677 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम और वीवीपैट का रैंडमाइजेशन किया गया।

**ईवीएम एवं वीवीपैट रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया** : ईएमएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों और विधियों के अनुसार रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

**मशीनों की संख्या** : रैंडमाइजेशन में कुल 6,808 बैलट यूनिट (BU), 6,808 कंट्रोल यूनिट (CU) और 7,374 वीवीपैट शामिल थे। इस प्रक्रिया के सफल संचालन से मतदान के दौरान निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की तैयारी पूरी हुई।

## बिहार के सिताबदियारा में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को किया नमन

**पटना,** (हि.स.)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन सारण जिले के सिताबदियारा पहुंचे। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी और 'संपूर्ण क्रांति' के जनक भारत रत्न जयप्रकाश नारायण को नमन किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। यह अवसर ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि पहली बार देश के उपराष्ट्रपति ने जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि का दौरा किया।

**कड़ी सुरक्षा के बीच स्मारक दर्शन** : उपराष्ट्रपति पटना से सड़क मार्ग द्वारा सिताबदियारा पहुंचे। उनके स्वागत के लिए सारण प्रमंडल के आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक, जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक पर माल्यार्पण किया और उनके पैतृक घर का अवलोकन किया।

**आम जनता से हुई मुलाकात**
अपने प्रोटोकॉल से हटकर उपराष्ट्रपति ने स्थानीय नागरिकों और जेपी सेनानियों से भी भेंट की। उन्होंने जयप्रकाश नारायण संग्रहालय और प्रभावती देवी पुस्तकालय का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने उपराष्ट्रपति को देखकर उत्साह व्यक्त किया और उनके सम्मान में पुष्प अर्पित किए।



इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

**चुनावी आचार संहिता के कारण नेताओं की अनुपस्थिति** : इस अवसर पर सारण जिले के कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे, लेकिन चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण कोई राजनीतिक नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। लौटते समय उपराष्ट्रपति ने अपने वाहन से झलक दिखाकर उपस्थित जनसमूह को नमस्कार किया और पटना के लिए रवाना हो गए।

## विधायक मिश्रीलाल यादव ने भाजपा छोड़ी, कहा- जहां सम्मान मिलेगा, वहां जाऊंगा

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में चुनावी माहौल के बीच दल बदलने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। इसी कड़ी में दरभंगा के अलीनगर से विधायक मिश्रीलाल यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी नाम वापस लिया और भाजपा पर तीखा हमला बोला।



**गरीब और पिछड़ों के लिए काम नहीं** : मिश्रीलाल यादव ने कहा कि भाजपा में बने रहना उनके लिए अब असंभव है। उनका आरोप है कि पार्टी गरीबों और पिछड़ों का सम्मान नहीं करती और उनके हितों की अनदेखी करती है। उन्होंने कहा, "भाजपा गरीबों और पिछड़ों की विरोधी पार्टी है। मैंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के सम्मान की रक्षा की है। मैं समाजवादी और सेक्युलर विचारधारा वाला व्यक्ति हूं।"

**भविष्य की राजनीति पर संकेत** : मिश्रीलाल यादव ने अभी किसी नई पार्टी में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन कहा कि उन्हें जहां सम्मान मिलेगा, वहां वे जाएंगे। इस बीच उनके राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में जाने की चर्चाएं हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2020 में उन्होंने विधानसभा का चुनाव विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की टिकट से जीता था और बाद में भाजपा में शामिल हुए थे।

**स्वाभिमान और अपमान का हवाला** : विधायक ने कहा कि अलीनगर में पिछले 30 वर्षों में राजग का विधायक नहीं रहा, लेकिन 2020 में उन्होंने भाजपा का परचम लहराया। इसके बावजूद पार्टी में उनका अपमान किया गया। मिश्रीलाल यादव ने बताया कि उन्हें लगातार प्रताड़ित किया गया और ऐसे दल में रहना उनके जैसे स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है।

## 'लोकनायक' जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सम्राट चौधरी ने दी श्रद्धांजलि

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट सम्राट चौधरी ने महान स्वतंत्रता सेनानी और 'संपूर्ण क्रांति' के प्रेरक, भारत रत्न जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर उन्हें पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व और उनके अद्वितीय कृतित्व की सराहना की। सम्राट चौधरी ने कहा कि जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति ने पूरे देश में राजनीतिक जागरूकता फैलाई और केंद्र में कांग्रेस को सत्ता से हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने याद दिलाया कि देश में आपातकाल लागू होने पर जेपी नारायण ने अपने अथक प्रयासों और संघर्ष के माध्यम से इसे समाप्त कराकर लोकतंत्र की रक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने न केवल बिहार बल्कि पूरे भारत के सामाजिक



और राजनीतिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सम्राट चौधरी ने सभी से आह्वान किया कि वे जयप्रकाश जी के विचारों और उनके द्वारा दिखाए मार्ग को अपनाएं और देश के विकास एवं लोकतंत्र की मजबूती में योगदान दें। जयप्रकाश नारायण के संघर्ष और कृत्यों को बिहार व देश की जनता कभी नहीं भुला सकती। उनकी जयंती पर उन्हें याद करना और उनके आदर्शों का सम्मान करना सभी के लिए कर्तव्य है।

## मेरे चुनाव लड़ने की बात सुनकर तेजस्वी यादव राघोपुर छोड़कर भाग जाएंगे : प्रशांत किशोर

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में चुनावी माहौल के बीच जन सुराज ने राघोपुर विधानसभा सीट को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शनिवार को कहा कि उनके राघोपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा मात्र से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दूसरी सीट तलाशने लगे हैं। किशोर ने कहा कि चुनाव लड़ना पार्टी और जनता तय करेगी, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका राघोपुर दौरा इस दिशा में एक बड़ा कदम है।




**राघोपुर दौरे का मकसद** किशोर ने बताया कि वह राघोपुर जाकर वहां के जनसुराज परिवार के उन सदस्यों से मिलेंगे, जिन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रभुत्व के खिलाफ जनसुराज का संदेश घर-घर तक पहुंचाया। उनका उद्देश्य स्थानीय लोगों की भावना को समझना और इसे केंद्रीय कमेटी की बैठक में शामिल करना है। किशोर ने कहा कि वह पूरे दिन राघोपुर में रहेंगे और यह समझने की कोशिश करेंगे कि चुनाव के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार कौन हो सकता है।

**राघोपुर का राजनीतिक महत्व** राघोपुर को लालू परिवार का गढ़ माना जाता है। राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को जनता का भरपूर समर्थन मिला है। तेजस्वी यादव लगातार दो बार राघोपुर से विधायक रहे हैं और विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे भी हैं। 2015 और 2020 विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के सतीश कुमार को हराया था, जिससे राघोपुर की राजनीतिक अहमियत और बढ़ गई है।

**तेजस्वी यादव पर तंज** : प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी राघोपुर में उपस्थिति सुनकर तेजस्वी यादव को दो जगह से चुनाव लड़ना पड़ेगा। उन्होंने राहुल गांधी के अमेठी अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि जैसे राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड गए और वहां चुनाव हार गए, वैसे ही तेजस्वी यादव को भी कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है। किशोर का कहना था कि चुनाव अब शुरू हो रहा है और आगे स्थिति स्पष्ट होगी।

## बिहार के शिवहर में पुलिस और उड़न दस्ता की संयुक्त कार्रवाई में 62 लाख नकद बरामद

**पटना,** (हि.स.)।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शिवहर जिले में पुलिस और उड़न दस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) की संयुक्त टीम ने शहर के जीरो माइल क्षेत्र से एक चार पहिया वाहन से 62 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। शिवहर विधानसभा क्षेत्र में 11 नवम्बर को दूसरे चरण का मतदान होना है।



मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इस नकदी की बरामदगी को चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल होने वाले अवैध धन से जोड़ा जा रहा है। चुनाव आयोग के सख्त निर्देशों के तहत यह कार्रवाई धन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जब्त की गई राशि की सूचना तुरंत आयकर विभाग को दी गई है।स्थानीय पुलिस के अनुसार, आयकर विभाग की टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर इस मामले की गहन जांच शुरू करेगी। यह पता लगाया जाएगा कि यह नकदी कहां से आई और इसका उपयोग कहां किया जाना था। चुनाव आयोग के नियमों के तहत इस तरह की बरामदगी की जांच बेहद सख्ती से की जाती है ताकि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे। शिवहर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शैलेश कुमार ने इस बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि वाहन चालक से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह राशि किसी व्यक्ति विशेष या राजनीतिक दल से संबंधित है या नहीं। आचार संहिता लागू होने के बाद इतनी बड़ी राशि का पकड़ा जाना प्रशासन की सक्रियता और निष्पक्ष चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अभी सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी नहीं हुई है : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,** (हि.स.)।

।बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का नामांकन शुरू हो चुका है। इस बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं की नाराजगी देखने को मिल रही है। एलजेपीआर प्रमुख चिराग पासवान के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएसपी) के उपेन्द्र कुशवाहा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अभी सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी नहीं हुई है।



उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने एक्स अकाउंट पर आज लिखा कि "इधर-उधर की खबरों पर मत जाइए। वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। इंतजार कीजिए।।।! मीडिया में कैसे खबर चल रही है, मुझको नहीं पता। अगर कोई खबर प्लांट कर रहा है तो यह छल है, धोखा है। आप लोग ऐसे ही सजग रहिए। अंदरखाने से जो खबर प्राप्त हुई है उसके मुताबिक उपेंद्र कुशवाहा 5 से 6 सीटों की मांग पर अड़े हैं। भाजपा इस पर राजी है। लेकिन कुशवाहा मगध क्षेत्र में एक सीट, जबकि उजियारपुर, दिनारा, सासाराम, महुआ की डिमांग की है। जिसपर अभी सहमति नहीं बन पाई है।उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बाबत बातचीत में कहा कि सभी पार्टियों से वार्ता लगभग समाप्ती की ओर है। पार्टी के अंदर मंथन चल रहा है और जल्द ही सब बातें आपके सामने आ जाएंगी। कोई नाराज नहीं है। सभी ने अपनी-अपनी बातें रखी हैं। सब खुश हैं। सीट बंटवारे पर बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा कि राजग में सब कुछ ठीक है। दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व एक साथ बैठेगा और अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा करेगा। दिन भर चर्चा होगी और कल इसे केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष रखा जाएगा।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला प्रशासन तैयार ईवीएम, नामांकन और मतगणना पर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------

बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन पूर्णिया ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार, 11 अक्टूबर को महानंदा सभागार, पूर्णिया में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने की।

**नामांकन से मतगणना तक, हर प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण**





इस प्रशिक्षण में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल अधिकारी एवं वरीय प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

**निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम**

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की — जिसमें नामांकन, जांच, मतदान, मतगणना, डाक मतपत्र और ईवीएम संचालन से संबंधित हर बिंदु की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**रिटर्निंग ऑफिसर पुस्तिका और प्रपत्रों का किया गया अभ्यास**

प्रशिक्षण के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर पुस्तिका के प्रत्येक अध्याय और प्रपत्रों की जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि इन दस्तावेजों का प्रयोग कब, कैसे और किन परिस्थितियों में किया जाना चाहिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाचन कार्यों को जिम्मेदारी, अनुशासन और पूर्ण निष्पक्षता के साथ संपादित करेंगे।

**पावरपॉइंट प्रस्तुति में आयोग के सभी दिशा-निर्देश**

कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा निर्गत सभी महत्वपूर्ण परिपत्रों और अनुदेशों की जानकारी पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से दी गई। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की संभावना न रहे।

**ईवीएम हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और कमीशनिंग की जानकारी**

प्रशिक्षण के अंतर्गत ईवीएम कोषांग के अधिकारियों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण (Hands-on Training) कराया गया, जिसमें मशीन की सेटिंग, मॉक पोल, सीलिंग और कमीशनिंग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने स्वयं ईवीएम की कमीशनिंग प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों पर विशेष जानकारी दी।

# विधानसभा चुनाव 2025: व्यय अनुश्रवण कोषांग ने VVT दलों को दिया प्रशिक्षण पारदर्शी निगरानी पर जोर

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

-------------------

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर गठित सभी वीडियो व्यूइंग टीम (VVT) के पदाधिकारियों और कर्मियों को शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण नोडल पदाधिकारी-सह-राज्य कर अपर आयुक्त, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, पूर्णिया, देवानंद शर्मा की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक नोडल पदाधिकारी श्री रोहित



दुबे, राज्य कर उपायुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पूर्णिया ने VVT दलों को उनके कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान VVT टीमों की जिम्मेदारी होगी कि वे सभी वाहनों की रजिस्ट्रेशन संख्या, उनका मेक, मंच का आकार, कुर्सियों की संख्या, पोस्टर-बैनर के आकार, कटआउट की संख्या और अन्य सभी व्यय संबंधी मदों को रिपोर्ट में सटीक रूप से दर्ज करें।

उन्होंने कहा कि यह टीमें चुनाव अवधि में वीडियो अवलोकन कर संबंधित आदर्श आचार संहिता उल्लंघन एवं व्यय रिपोर्टों को समय पर सामान्य प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगी।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि रिपोर्टिंग में किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब चुनाव की पारदर्शिता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए VVT दलों को अपने कार्य में सटीकता, तत्परता और गोपनीयता बनाए रखनी होगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया के व्यय अनुश्रवण और मीडिया अवलोकन की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे चुनावी गतिविधियों पर निगरानी और भी अधिक प्रभावी होगी।

# पूर्णिया में आरओ-एआरओ को जिला पदाधिकारी ने दिया गहन प्रशिक्षण

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

-------------------



प्रबिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गया है। इसी क्रम में शनिवार को महानंदा सभागार, पूर्णिया में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने की।इस प्रशिक्षण में जिले के सभी निर्वाची पदाधिकारी (RO) और सहायक निर्वाची पदाधिकारी (ARO) शामिल हुए। श्री कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी नामांकन, जांच, मतदान, मतगणना, डाक मतपत्र और ईवीएम संचालन की पूरी जानकारी विस्तार से दी।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन और पारदर्शिता ही निष्पक्ष चुनाव की नींव है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रिटर्निंग ऑफिसर पुस्तिका, विभिन्न प्रपत्रों और आवश्यक दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे निर्वाचन कार्य में निष्ठा, तत्परता और निष्पक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएं, ताकि पूर्णिया जिला शांतिपूर्ण और सफल चुनाव संचालन का उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख को विधायक विजय खेमका ने दी श्रद्धांजलि

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

-------------------

भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण और पद्म विभूषण नानाजी देशमुख की जयंती के अवसर पर विधायक विजय खेमका ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को नमन किया।इस अवसर पर विधायक खेमका ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बिहार से प्रारंभ हुई क्रांति के माध्यम से देश की राजनीति में सुधार,



पारदर्शिता और जनभागीदारी की नई दिशा दी। उन्होंने तानाशाही और इमरजेंसी के समय लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

वहीं, नानाजी देशमुख ने ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वावलंबन के माध्यम से ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की भावना को मूर्त रूप दिया। उनका जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।

विधायक ने कहा कि दोनों महान विभूतियों का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देते रहेंगे और हमें सिखाते हैं कि देश और समाज की सेवा सर्वोपरि है। इस अवसर पर विधायक ने जनता से भी अपील की कि वे इन महान विभूतियों के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज में सद्भाव और सेवा की भावना का पालन करें।

## विदेशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

डंगराहा ओपी के द्वारा वाहन जांच के दौरान 5.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान बलराम कुमार यादव (35 वर्ष), पुत्र स्व. लोहरे यादव, निवासी जुड़ावगंज वार्ड नं. 2, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार के रूप में हुई है। भियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई और अग्रिम जांच प्रक्रिया जारी है

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए उड़ान गश्ती सक्रिय, स्कूल-कॉलेजों में किया निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया।**

-------------------

पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया के निर्देशानुसार उड़ान गश्ती दल ने जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज और पार्कों का निरीक्षण किया। अभियान का उद्देश्य छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करना था।गश्ती टीम ने शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी तथा छात्राओं से बातचीत कर उनकी सुरक्षा संबंधी सुझाव भी सुने। पुलिस ने बताया कि यह पहल छात्राओं में



सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है।

उड़ान टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूल समय के दौरान किसी भी तरह की छेड़खानी या असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आम लोगों से अपील की गई कि छात्राओं की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

पूर्णिया पुलिस की यह पहल महिलाओं की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाती है।

# उम्मीद ए धनतेरस :पूर्णिया का बाजार चमका सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स की धूम

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

-------------------

पूर्णिया में धनतेरस से पहले ही बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। जिला स्कूल रोड, भट्ठा बाजार, कालीबाड़ी रोड और न्यू मार्केट सहित प्रमुख सर्राफा और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस वर्ष सोने-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक सज-धज कर तैयार है।

**सोने-चांदी की पहली पसंद**

सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दाम बढ़ने के बावजूद



खरीदारों की उत्सुकता कम नहीं हुई है। अप्सरा ज्वेलर्स के राकेश कुमार साह के अनुसार हॉल मार्क और डायमंड जड़ी ज्वेलरी की मांग सबसे अधिक है। युवाओं के बीच सोने का ब्रेसलेट और युवतियों के लिए कानों के झुमके, गले की चेन पसंदीदा बने हुए हैं। पिछले वर्ष जहां सोना 27 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था, वहीं इस वर्ष 30 हजार तक पहुंच गया। सर्राफा दुकानों ने ग्राहकों को विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से ही चांदी के सिक्के खरीदने की सलाह दी है, ताकि नकली माल से बचा जा सके।

**इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान की धूम**

टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कंप्यूटर और लैपटॉप की बिक्री में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। विजन प्वाइंट के कारोबारी मो कासीर आलम ने बताया कि महिलाओं की पहली पसंद ज्वेलरी है, लेकिन एलईडी टीवी और वाशिंग मशीन की मांग में कोई कमी नहीं आई। मोबाइल बाजार में युवा वर्ग फोर जी मोबाइल की खरीदारी में जुटा है, खासकर iPhone, Oppo और Samsung J सीरीज की मांग बढ़ी है।

**सुरक्षा और ऑनलाइन खरीदारी के रुझान**

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में इस वर्ष सीसीटीवी की बिक्री भी काफी बढ़ी है। वहीं फ़ोल्डर मोबाइल की बिक्री चल पड़ा है जबकि युवा लैपटॉप, कंप्यूटर और टेबलेट की ओर आकर्षित हैं। कारोबारी मृत्युंजय भगत ने बताया कि ऑनलाइन सेल के कारण बाजार में खरीदारों की संख्या पर असर पड़ा है, क्योंकि ग्राहक टैक्स बचत के कारण ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं।

**खरीदारी में सावधानी**

सर्राफा कारोबारियों ने चेताया कि चांदी के सिक्के खरीदते समय विश्वसनीय प्रतिष्ठान का चयन करें, ताकि नकली माल से बचा जा सके।

# रूपौली थाना ने 12 लीटर देशी शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

रूपौली थाना के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छापामारी के दौरान कुल 12 लीटर देशी शराब जप्त की गई और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुकेश कुमार सोरेन (25 वर्ष), पुत्र स्व. गोपाल सोरेन, निवासी मैनी संथाली टोला, वार्ड नं. 06, थाना रूपौली, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है और इस प्रकार की कार्रवाईयों से जिले में अवैध शराब पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

# पूर्णिया पुलिस का वाहन जांच अभियान तेज : सुरक्षा और नियमों पर सख्ती

## घर से वाहन लेकर निकले तों, आवश्यक कागजात और हेलमेट लेकर, खुद की सुरक्षा और नियमों का पालन जरुरी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर पूर्णिया जिले में पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निर्देश और पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार से पूरे जिले में वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। सड़कों, बाजारों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की टीमें सक्रिय हैं। यदि आप घर से वाहन लेकर निकल रहे हैं, तो सावधान रहें — बिना कागजात या हेलमेट के सफर करना अब मुश्किल हो जाएगा।



**चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सख्त** : दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था और भी सख्त कर दी गई है। पुलिस और सुरक्षा बल हर चौक-चौराहा, नुक्कड़ और हाईवे पर मुस्तैद हैं। उनका ध्यान शांति बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखने पर है। पुलिस ने कहा कि आम लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है।

**चुनावी माहौल में सख्ती बढ़ी**

चुनाव नजदीक आते ही सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी बढ़ा दी गई है। स्थानीय थानों की पुलिस के साथ अब सुरक्षा बल के जवान भी सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। हर चौक-चौराहे पर वाहन, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और आरसी की जांच की जा रही है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर चालान काटा जाएगा।

**चुनावी निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरीके से पैसे के लेन-देन के जरिये चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करें और पुलिस के साथ सहयोग करें।

**संदिग्धों और नगदी पर नजर**

वाहन जांच के साथ-साथ पुलिस की नजर अब संदिग्ध व्यक्तियों और भारी नगदी ले जाने वालों पर भी है। पुलिस प्रशासन ने चेताया है कि अधिक की नकदी मिलने पर पूछताछ अनिवार्य होगी। चुनावी माहौल को देखते हुए नकदी और वस्तु वितरण पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि डिजिटल लेन-देन को प्राथमिकता दें और पारदर्शिता बनाए रखें।

**निष्पक्ष चुनाव और जनसहयोग पर जोर**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की – "नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें, आवश्यक कागजात रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।"



**अभियान से दिखा सख्त असर**

शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान में कई वाहनों की जांच हुई, कुछ चालकों के चालान भी काटे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और चुनावी निष्पक्षता को मजबूती मिले।

# पूर्णिया टीवीएस शोरूम गुलाबबाग ग्राहकों के लिए सज-धजकर तैयार हर खरीद पर स्क्रैच कूपन से उपहार और कैश डिस्काउंट का तोहफ़ा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

त्योहारों का मौसम आते ही पूर्णिया टीव्हीएस शोरूम, गुलाबबाग ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। धनतेरस पर शोरूम ने कई धमाकेदार ऑफर्स के साथ ग्राहकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने की तैयारी कर ली है। शोरूम के प्रबंध निदेशक चिरंजीव खेमका ने बताया कि ग्राहकों को भारत सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कटौती का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि गाड़ी खरीदना और भी किफायती हो सके।

**हर खरीद पर स्क्रैच कूपन से निश्चित उपहार**

श्री खेमका ने बताया कि गुलाबबाग शोरूम में हर गाड़ी की खरीद पर स्क्रैच कूपन से निश्चित उपहार दिया जा रहा है। अब तक नवरात्र से लेकर अब तक 109 ग्राहकों को ब्रांडेड उपहार जैसे मिक्सर ग्राइंडर, ट्रॉली बैग, इलेक्ट्रिक कुकर, डिनर सेट, बाथरूम सेट, केसरोल सेट और ब्लैंकेट सेट दिए जा चुके हैं।



**कैश डिस्काउंट और हेलमेट ऑफर**

ग्राहकों के लिए इस धनतेरस पर दोहरा फायदा — हर गाड़ी पर ₹2100 का निश्चित कैश डिस्काउंट और ₹1500 कीमत वाला हेलमेट बिल्कुल मुफ्त ! शोरूम प्रबंधन का कहना है कि यह ऑफर सीमित समय के लिए है और धनतेरस तक जारी रहेगा।

**मात्र 1000 से करें बुकिंग, 5 मिनट में फाइनेंस**

त्योहारों की रौनक बढ़ने के साथ ही गाड़ियों की बुकिंग तेजी से हो रही है। शोरूम में सिर्फ ₹1000 में बुकिंग की सुविधा है। साथ ही, ग्राहकों के लिए 5 मिनट में फाइनेंस अप्रूवल और मात्र ₹4999 के डाउनपेमेंट पर गाड़ी घर ले जाने की योजना भी लागू की गई है।

**खरीदारी पर आसान फाइनेंस और कम ब्याज दरें**

श्री खेमका ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए टीव्हीएस क्रेडिट, टाटा कैपिटल, एल एंड टी, एचडीएफसी बैंक और आईडीएफसी फाइनेंस के सहयोग से बेहद कम ब्याज दर पर फाइनेंस सुविधा दी जा रही है। शोरूम में सभी मॉडल और सभी कलर की गाड़ियां उपलब्ध हैं ताकि किसी ग्राहक को कोई परेशानी न हो।

**इच्छुक ग्राहक संपर्क करें**

धनतेरस पर नई टीव्हीएस गाड़ी की खरीद या बुकिंग करने के इच्छुक ग्राहक मोबाइल नंबर 9297973002 पर संपर्क कर सकते हैं या गुलाबबाग स्थित पूर्णिया टीव्हीएस शोरूम पर सीधे पहुंच सकते हैं।

# जनता से संवाद, समस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्धता का दोहराया

## उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने पूर्णिया पूर्व क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया नगर निगम की उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने शनिवार को पूर्णिया पूर्व विधानसभा क्षेत्र के रानीपतरा, चांदी, रजीगंज, श्रीनगर, मटिया चौक सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़क, पेयजल, स्वच्छता और जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों को साझा किया। मौक़े पर उप महापौर ने कहा कि इन जनहित विषयों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि "जनसंवाद ही विकास का आधार है, और जनता की सहभागिता से ही योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव है।"

गांवों में लोगों ने उप महापौर का गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं ने अपनी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं साझा कीं, वहीं युवाओं ने शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी बातें रखीं। कार्यक्रम के दौरान उप महापौर ने यह आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की तैयारी तेज

**न्यूज स्केल,बड़हरा कोठी**

प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या भारती की इकाई मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को लोक शिक्षा समिति, बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, पूर्णिया विभाग निरीक्षक सह प्रवासी कार्यकर्ता गणेश प्रसाद मौर्य, पूर्णिया विभाग संयोजक वीरेंद्र मेहता एवं पूर्णिया संकुल संयोजक सह विद्यालय के कोषाध्यक्ष विन्देश्वरी महतो ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान



अतिथियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने कहा कि सप्तशक्ति संगम जैसे कार्यक्रम समाज में संस्कार, शिक्षा और राष्ट्रभावना को सशक्त करने का माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं वीरेंद्र मेहता और गणेश प्रसाद मौर्य ने विद्यालय परिवार को आयोजन के दौरान अनुशासन, समयबद्धता और सांस्कृतिक प्रस्तुति की तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है।

# 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद, तस्कर हुआ फरार

**न्यूज स्केल,बड़हरा कोठी**

रघुवंशनगर थाना पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर शराबबंदी कानून के अनुपालन हेतु किये गए छापेमारी में 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया है।हालाकि तस्कर पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहा। रघुवंशनगर थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि शराब को जप्तकर फरार तस्कर के विरुद्ध युक्तिसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार



रघुवंशनगर थाना में पदस्थ एसआई अमरेंद्र कुमार द्वेदी शराब के विरुद्ध छापेमारी करने संथाल टोला सिरसिया पहुंचे थे। पुलिस को देखते ही तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस द्वारा तस्कर के ठिकानों पर विधिवत तलासी के क्रम में प्लास्टिक के दो गैलन में लगभग 5 लीटर देसी शराब बरामद किया गया।

# कसबा में उत्साहपूर्वक मनाई गई जयप्रकाश नारायण की 124वीं जयंती

**न्यूज स्केल कसबा**

जयप्रकाश नारायण की 124 वीं जयंती कसबा पेंशनर समाज कार्यालय में काफी उत्साह पूर्वक एवं धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कसबा नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद सुभाष कुमार साह एवं जे पी सेनानी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र विद्यार्थी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र प्रसाद साह, सुरेन्द्र मंडल, वासुकी नाथ ठाकुर मौजूद थे। इस जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने जयप्रकाश नारायण के छायाचित्र पर बारी बारी से माल्यार्पण किया।



जयंती पर फूल माला अर्पित करते जे पी स्वतंत्रता सेनानी

इस अवसर पर उप मुख्य पार्षद सुभाष कुमार साह ने जयप्रकाश नारायण के जीवनी पर संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि हमें भी जयप्रकाश नारायण के जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। वहीं सेवा निवृत्त शाखा प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद साह ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने हमारे समाज को एक नई दिशा दिया है। भटके युवाओं को कर्तव्य की राह पर चलने की सीख आज उनके जीवन को बदल दिया है। बैठक में चन्द्रशेखर आर्य,विनोद कुमार बिन्दी,शंकर लाल साह,कमल प्रसाद साह,कमल हांड़ी, मास्टर महेश प्रसाद मंडल, सुधीर यादव,हातिम अंसारी, आदि मौजूद थे।

# विद्यालय स्वच्छता एवं जलवायु अनुकूल विद्यालय प्रशिक्षण आयोजित

**न्यूज स्केल कसबा**

आज आदर्श मध्य विद्यालय, कसबा के प्रांगण में यूनिसेफ एवं फिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में "विद्यालय स्वच्छता एवं जलवायु अनुकूल विद्यालय" School) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य विद्यालय बिशनपुर के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार, आदर्श मध्य विद्यालय कसबा के प्रधानाध्यापक इफ्तिखार जिलानी, यूनिसेफ के जिला वॉश सलाहकार कर्मवीर कुमार, फिया फाउंडेशन से



युगल किशोर, उत्तम कुमार और अनिवेश कुमार सहित उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मवीर कुमार, युगल किशोर और उत्तम कुमार ने विद्यालयों में जल स्वच्छता, साबुन से हाथ धोना, रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन, क्षमता निर्माण एवं समुदाय की भागीदारी जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बिहार स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार एवं मिशन 3 स्टार दिशानिर्देशों की जानकारी साझा की गई। सत्र में मीना मंच और इको क्लब की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। प्रतिभागी शिक्षकों ने समूह कार्य के माध्यम से अपने विद्यालयों के लिए BSVP मूल्यांकन चेकलिस्ट के अनुरूप एक्शन प्लान तैयार किया। आदर्श रामानंद मध्य विद्यालय, कसबा द्वारा वॉश एवं क्लाइमेट रेजिलियंट पहल पर किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति विद्यालय के शिक्षक चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय समुदाय, पोषण और शिक्षा के मुद्दों को जोड़कर अनेक नवाचार कर रहा है। सत्र के अंत में पोस्ट टेस्ट के साथ "वे फ़ॉरवर्ड" साझा किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने विद्यालयों में स्वच्छता, पोषण और जलवायु जागरूकता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में प्रखंड कसबा से चयनित 50 विद्य

# 'पूर्णिया में स्वीप और पोषण माह कार्यक्रम के तहत युवाओं व मतदाताओं को किया जागरूक'

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला के सभी प्रखंडों में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका आँगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण-माह अन्तर्गत कार्यक्रम के साथ-साथ स्वीप कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।



पहली बार मतदाता बने युवाओं को लोकतंत्र में एक एक मत के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा मतदान एवं मताधिकार के महत्व पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किशोरियों द्वारा उत्साह के साथ साइकिल रैली निकाली गई।

# मतदाता सुविधा : निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1950 किया जारी

**न्यूज स्केल, किशनगंज**

मतदाताओं की सुविधा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने एक टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया है। मतदाता इस नंबर पर कॉल कर चुनाव प्रक्रिया, मतदान केंद्र, नामांकन और ईवीएम संचालन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दरअसल चुनाव आयोग यह सुनिश्चित किया है कि आम नागरिकों को इस सेवा के तहत चुनाव से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या या शंका का समाधान आसानी से मिल सकेगा।
पूर्णिया जिले में जिला नियंत्रण कक्ष का समेकन
पूर्णिया जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए समाहरणालय स्थित




जिला नियंत्रण कक्ष एवं आपदा नियंत्रण कक्ष को समेकित कर एक केंद्रीकृत जिला नियंत्रण कक्ष के रूप में संचालित किया गया है। मतदाता और नागरिक इस कक्ष से दूरभाष नंबरों के माध्यम से जानकारी या शिकायत दर्ज करा सकते हैं:
06454-241010
06454-242420
06454-243000
06454-242310
जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
निर्वाचन तैयारियाँ समयबद्ध और व्यवस्थित
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के निर्देशानुसार जिले में सभी आवश्यक तैयारियाँ जैसे मतदान केंद्रों की सुरक्षा, ईवीएम और डाक मतपत्र की तैयारी, निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण और जन जागरूकता अभियान समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जा रही हैं। इसका उद्देश्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।
मतदाताओं से अपील
जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें, समय पर मतदान करें और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष को दें। इससे निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा।
यह पहल पूर्णिया जिले में मतदाताओं के अधिकारों और सुविधा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है और आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग ने FST अधिकारियों को दिए निर्देश

**न्यूज स्केल,पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग ने सभी FST (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) अधिकारियों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया।
बैठक की अध्यक्षता देवानन्द शर्मा, नोडल पदाधिकारी-सह-राज्य कर अपर आयुक्त, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, पूर्णिया ने की।
बैठक में सभी FST अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि चुनाव प्रचार के दौरान व्यय



अनुश्रवण में कौन-कौन से मानक और नियम लागू होंगे और किस प्रकार सटीक और पारदर्शी रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी।
इसके अतिरिक्त FST अधिकारियों को CVigil Investigator App के उपयोग और कार्यप्रणाली के बारे में समग्र प्रशिक्षण दिया गया। ऐप के माध्यम से अधिकारी चुनावी व्यय और संबंधित गतिविधियों की रियल-टाइम निगरानी कर सकेंगे और किसी भी अनियमितता या उल्लंघन की रिपोर्ट सीधे संबंधित अधिकारियों तक भेज सकते हैं।
बैठक के अंत में देवानन्द शर्मा ने अधिकारियों को सतर्क और जिम्मेदार रहकर अपने कार्य का पालन करने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे।

## परिवहन कोषांग ने VMS प्रशिक्षण से सभी पदाधिकारियों को किया सशक्त

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिला परिवहन पदाधिकारी श्री शंकर शरण ओमी के नेतृत्व में सभी प्रखण्ड वाहन कोषांग के कर्मियों और पदाधिकारियों को VMS (Vehicle Management System) प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखण्ड और अंचल स्तर के लिपिक, कार्यपालक सहायक, डेटा एंट्री ऑपरेटर तथा वाहन कोषांग के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।
प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि निर्वाचन के दौरान वाहन प्रबंधन और परिचालन की



निगरानी सटीक और प्रभावी ढंग से की जा सके।
प्रशिक्षण में अधिकारियों को VMS के प्रयोग, डेटा एंट्री, वाहन आवंटन और ट्रैकिंग से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस प्रणाली के माध्यम से चुनावी कार्यों में वाहन परिचालन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाएगी।
बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे VMS का सही और नियमित उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की अड़चन या गड़बड़ी न आए।

## किशनगंज के पश्चिमपल्ली तनिष्क स्टोर में सोने और हीरों पर भारी छूट, ग्राहकों की उमड़ी भीड़

**न्यूज़ स्केल, किशनगंज**

त्योहारों का मौसम और करवा चौथ की रौनक ने किशनगंज के पश्चिमपल्ली-सुभाषपल्ली रोड स्थित तनिष्क स्टोर को ग्राहकों से गुलजार कर दिया है। महिलाओं की पसंदीदा इस ब्रांड ने इस बार सस्ते सोने और हीरों पर जबरदस्त ऑफर देकर खरीददारों का दिल जीत लिया है।

**सोना खरीदने पर 450 रुपये प्रति ग्राम की बचत**

तनिष्क ने इस सीजन में सोना खरीदने वालों के लिए खास ऑफर पेश किया है। ग्राहकों को सोना खरीदने पर ₹450 प्रति ग्राम तक की बचत मिल रही है, यानी 1 किलो सोना



खरीदने पर सीधे ₹4.5 लाख तक का फायदा। इसके साथ 100% एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे पुराने गहनों के बदले नए गहने लेना पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो गया है।

**हीरों पर 35% तक की भारी छूट**

हीरा प्रेमियों के लिए भी तनिष्क ने शानदार तोहफा दिया है। हीरे के गहनों पर 35% तक का डिस्काउंट मिलने से ग्राहकों में खरीदारी की होड़ मच गई है। स्टोर में करवा चौथ और दिवाली कलेक्शन की नई रेंज लॉन्च की गई है, जिसमें पारंपरिक और मॉडर्न दोनों तरह के डिज़ाइन उपलब्ध हैं।

**ग्राहकों की भीड़ और संतुष्टि**

त्योहारों के इस मौसम में स्टोर में भारी भीड़ देखी जा रही है। स्टोर प्रबंधक शोएब खान स्वयं ग्राहकों को ऑफर की जानकारी दे रहे हैं और एक्सचेंज व बचत की योजना समझा रहे हैं। उन्होंने कहा, "तनिष्क का मकसद सिर्फ गहने बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों को खुशी और विश्वास देना है।"

**सीमित समय का ऑफर "हर त्यौहार बने और सुनहरा"**

तनिष्क स्टोर का यह ऑफर सीमित समय के लिए है। प्रबंधक ने बताया कि करवा चौथ, धनतेरस और दिवाली जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने खास रेंज और ऑफर तैयार किए हैं, ताकि हर महिला का त्यौहार बन सके और भी सुनहरा और खास।

## मुफस्सिल थाना ने 500 एमएल विदेशी शराब और तीन अभियुक्त किए गिरफ्तार

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

मुफस्सिल थाना के द्वारा सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार सहित लगभग 500 मिलीलीटर विदेशी शराब और दो मोबाइल बरामद किए गए।
इस कार्रवाई में मुफस्सिल थानाकी पुलिस ने तीन अभियुक्त भी गिरफ्तार किए हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हुईः
अजीत कुमार यादव (21 वर्ष), पुत्र स्व. जयनारायण यादवदेवा पासवान (20 वर्ष), पुत्र राजेश पासवान



— दोनों वार्ड नं. 06राजू कुमार (24 वर्ष), पुत्र ओमप्रकाश राम, वार्ड नं. 05 तीनों अभियुक्त रौतारा पंचायत भवन टोला, थाना रौतारा, जिला कटिहार के निवासी हैं।
पुलिस ने बताया कि अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाईयों से जिले में अवैध शराब और तस्करी की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### माछरों का प्रकोप बढ़ा, ग्रामीण परेशान

पूर्णिया जिले के कई गांवों में माछरों का प्रकोप बढ़ने से ग्रामीण परेशान हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी और बरसात के मौसम में खड़े पानी में माछरों का उत्पन्न होना सामान्य है, लेकिन इस बार उनकी संख्या असामान्य रूप से बढ़ गई है। बच्चों और बुजुर्गों को अधिक काटने की शिकायत सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को मच्छरदानी और कीटाणुनाशक का उपयोग करने की सलाह दी है।
स्थानीय प्रशासन ने भी क्षेत्र में सफाई और पानी जमा न होने देने के निर्देश दिए हैं, ताकि माछरों के प्रसार को नियंत्रित किया जा सके।

## पूर्णिया में भारी मात्रा मे अवैध पटाखा का भंडारण :तबाही के लिए एक चूक है काफी

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

दीपावली के त्योहार के मद्देनज़र पूर्णिया शहर में बड़े पैमाने पर अवैध पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि एक छोटी सी चिंगारी भी पूरे शहर के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है। इस अवैध भंडारण से रिहायशी इलाकों और लोगों के घरों तक खतरा उत्पन्न हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया और गुलाबबाग में पटाखों का यह अवैध कारोबार पिछले कुछ वर्षों से चल रहा है। कई कारोबारी छोटे दुकानदारों से पैसा लेकर पटाखों का



स्टॉक कर रहे हैं और बिना लाइसेंस के इसे बेच रहे हैं।जानकारों का कहना है कि पटाखों का भंडारण केवल लाइसेंस प्राप्त और शहर/रिहायशी इलाकों से दूर स्थानों पर ही होना चाहिए, लेकिन यहां नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। **अतीत में हुई कार्रवाई:** 2023 और 2024 में तत्कालीन एसडीओ और पुलिस प्रशासन ने शहर में कई रिहायशी इलाकों से लाखों रुपए मूल्य के पटाखे जब्त किए थे। कई मामलों में पटाखों को शहर के बीचों-बीच अवैध रूप से रखा गया था। **खतरे और चेतावनी:** विशेषज्ञों और प्रशासन का कहना है कि अवैध पटाखा भंडारण शहरवासियों के लिए गंभीर खतरे की वजह बन सकता है। छोटे से छोटा हादसा भी बड़े नुकसान का कारण बन सकता है। प्रशासन को तुरंत सक्रिय होकर ऐसे अवैध भंडारण पर नियंत्रण करना चाहिए और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी जानी चाहिए। पूर्णिया में यह अवैध पटाखा भंडारण सिर्फ व्यापारियों का ही नहीं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। दीपावली के पर्व के मद्देनज़र, सुरक्षा मानकों का पालन और प्रशासनिक सतर्कता अत्यंत जरूरी माना जा है।

## मटिया चौक में रास्ता को लेकर, ग्रामीणों ने किया विरोध

**न्यूज स्केल, पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड क्षेत्र के मटिया चौक पर शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया जब इलाके के एक प्रमुख रास्ते को अवरुद्ध किया गया। रास्ते के बंद होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हुई और इसी कारण उन्होंने सामूहिक रूप से विरोध जताया।
स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कई वर्षों से लोगों के दैनिक आवागमन के लिए उपयोग में था। हाल ही में मार्ग के पास स्थित जमीन का उपयोग कुछ बाहरी गतिविधियों के लिए किया गया, जिससे लोगों की आवाजाही बाधित हुई।
विरोध प्रदर्शन में दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए और मार्ग खोलने की मांग की।
इस मामले में जिला परिषद सदस्य राजीव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत



मिलने के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की और मार्ग को खोला गया। उन्होंने कहा कि आने-जाने के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और इस मार्ग के पास आवश्यक चौड़ाई बनाए जाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
समाजसेवी मुकेश सिंह ने भी कहा कि मार्ग अवरुद्ध होना उचित नहीं है और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपा जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या न दोहराई जाए।
स्थानीय प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि मार्ग को अवरुद्ध करने की जानकारी मिलने पर तुरंत उसे खोलवा दिया गया और आने-जाने में किसी भी प्रकार की रोक अब नहीं है।
सभी पक्षों के सहयोग से मार्ग को सुरक्षित और खुला रखने की व्यवस्था की गई है।
इस घटना से स्पष्ट हुआ कि स्थानीय समुदाय और प्रशासन के बीच समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि जनता के रोजमर्रा के आवागमन में बाधा न आए।
ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रबंधन का सहयोग मांगा और सुनिश्चित किया कि मार्ग भविष्य में हमेशा खुला और सुरक्षित रहे।

# अररिया : विधानसभा चुनाव 2025 के लिए निर्वाचन अधिकारियों की बैठक, मतदान केंद्रों की तैयारियों पर विशेष जोर




**अररिया** (हि.स.)। : बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में सभी निर्वाचक और सहायक निर्वाचक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं और पीठासीन पदाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश व्यवस्था और शेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदान दिवस पर किसी मतदाता को असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान तिथि पर पीठासीन पदाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्रों को लेकर सभी कर्मियों को समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट के सुचारू प्रबंधन और आदर्श आचार संहिता के पूर्ण अनुपालन पर विशेष दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो सके। बैठक में वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अररिया में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर प्रेक्षक कोषांग की समीक्षा बैठक



**अररिया** (हि.स.)।अररिया में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में प्रेक्षक कोषांग पदाधिकारियों और संभावित लाइजन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रेक्षकों के आगमन, आवागमन, ठहराव और समन्वय से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करना था।

**निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन हो।

**प्रेक्षक कोषांग की तैयारियों की समीक्षा** : बैठक में प्रेक्षक कोषांग की तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया गया। प्रेक्षक और संभावित लाइजन पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों की जानकारी साझा कर सभी आवश्यक समन्वय और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किए गए।

: **समयबद्ध और समन्वित कार्य निष्पादन पर बल** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को समयबद्ध और समन्वित तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण में सतत निगरानी और तालमेल सुनिश्चित करना आवश्यक है, जिससे चुनाव सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**कटिहार** (हि.स.)। विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सेक्टर पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, भयमुक्त और सुचारू रूप से आयोजित करना था। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों और उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

**आवश्यक दिशा-निर्देश और जिम्मेदारियां** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची की जाँच, पहचान सत्यापन, मतदान सामग्री की सुरक्षा, और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान देने और मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, समय और नियमों की जानकारी देने पर जोर दिया। शिकायत या समस्या होने पर तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचित कर उसका समाधान सुनिश्चित करना भी आवश्यक बताया गया।

**निष्पक्ष एवं सुचारू मतदान की दिशा में कदम** : कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, रोशनी, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को नियमित रिपोर्टिंग और विभागों के साथ समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रभावी मतदान सुनिश्चित करने में पूरी जिम्मेदारी निभाएँ।

## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनज़र जिला इंटेलिजेंस कमेटी की बैठक



**किशनगंज**।(हि.स.)।आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला इंटेलिजेंस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री विशाल राज ने की। इस अवसर पर सभी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी**
बैठक में पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, बी.एस.एफ., एस.एस.बी., सीमा शुल्क विभाग, उत्पाद विभाग और जिला खुफिया इकाई के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न उपायों पर अपने सुझाव और अनुभव साझा किए।

**विधि-व्यवस्था और निगरानी पर ध्यान** : बैठक के दौरान संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में शांति बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी, तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा प्रबंधन, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और त्वरित प्रतिक्रिया के तंत्र को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा हुई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित, निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना रहा। सभी एजेंसियों ने सहयोग और सतर्कता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## फारबिसगंज पुलिस ने एएलटीएफ के साथ 10 लीटर देशी शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार



**अररिया**, (हि.स.)। फारबिसगंज थाना पुलिस ने एंटी लीकर टास्क फोर्स की टीम के साथ भागकोहलिया वार्ड संख्या तीन में मंटू भगत के घर छापेमारी कर दस लीटर देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया।

फारबिसगंज थाना पुलिस और एएलटीएफ को यह सूचना मिली थी कि मंटू भगत पिता जयश्री भगत अपने घर से शराब बिक्री करने के साथ ही शराबियों को घर में बैठाकर शराब पिलाने का काम करता है।सूचना पर पुलिस ने जब छापेमारी की तो मंटू भगत और भागकोहलिया वार्ड संख्या 5 का रहने वाला मोबारक पिता मो.कलामुद्दीन शराब पीए हुए पाया गया।पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से जांच की तो उसमें भी शराब सेवन और अल्कोहल लेने की पुष्टि हुई।जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने घर में छापेमारी कर अलग अलग स्थानों से दस लीटर देशी शराब बरामद किया।गिरफ्तार दोनों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने मामले की जानकारी दी।

## गरुड़ कमांडो शहीद नीलेश नयन का मनाया गया शहादत दिवस



**भागलपुर**, (हि.स.)। जिले के सुल्तानगंज स्थित भीरखुंद पंचायत में गरुड़ कमांडो शहीद नीलेश नयन का 8वां शहादत दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार ने किया। इस दौरान शहीद नीलेश नयन के तैलचीत्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में शहीद नीलेश नयन के नाम पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग आठ से 12 वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद नीलेश नयन के चाचा संजय कुमार सिंह, भीरखुंद मुखिया चंदन, पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह अरविंद कुमार थे।

कार्यक्रम के दौरान सैनिक संगठन सुल्तानगंज के सदस्यों ने भी शहीद निलेश नयन के तैलचीत्र पर माल्यार्पण करते हुए शहीद निलेश नयन अमर रहे, भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस दौरान भीरखुंद मुखिया चंदन कुमार ने सैनिक संगठन के लोगों को अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस दौरान सैनिक संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, मुंगेर अध्यक्ष देवकी मंडल, पंकज शर्मा, सुभाष यादव, विभाष कुमार, निरंजन यादव, डॉ ब्रमदेव नारायण सत्यम, प्रणय कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## आचार संहिता के बावजूद लगे हैं नेताओं के पोस्टर, प्रशासन बेखबर



**भागलपुर**, (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बावजूद भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक दलों के पोस्टर और बैनर खुलेआम लगे हुए हैं। बाईपास स्थित सेंट टेरेसा स्कूल के समीप बड़े-बड़े होर्डिंग्स पर विभिन्न दलों की प्रचार सामग्री अब भी देखी जा सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आचार संहिता लागू हो जाने के बावजूद राजनीतिक होर्डिंग्स का हटाया न जाना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों की मांग है कि बिना पक्षपात के सभी प्रचार सामग्री तुरंत हटाई जाए ताकि चुनाव की निष्पक्षता बनी रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमित कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है और वे इसे दिखवा रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि आचार संहिता से संबंधित कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी (सीओ) जिम्मेदार होते हैं। इस संबंध में जब अंचलाधिकारी सतीश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे मामले की जांच करवाएंगे और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद प्रशासन की सुस्ती क्यों बनी हुई है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह आचार संहिता के उल्लंघन का गंभीर मामला बन सकता है, जिससे चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल उठ सकते हैं।

## सुभाष चौक से कोठीहाट निर्माण 12 फीट रोड से नाराज लोगों ने कार्य को रोका



**अररिया**, (हि.स.)। फारबिसगंज में सुभाष चौक से कोठीहाट चौक तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही के आरोप में बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर दो घंटे तक काम रोक दिया।

**सड़क की चौड़ाई और गुणवत्ता पर चिंता** : मनोज सोनी ने कहा कि यह मुख्य सड़क होने के कारण भारी ट्रक आवाजाही होती है, लेकिन निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई केवल 12 फीट 4 इंच है, जबकि पूर्व में यह 14 फीट की थी। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कमी से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी। साथ ही, पीसीसी के स्थान पर अलकतरा वाले पिच रोड की आवश्यकता को भी उन्होंने उठाया।

**प्रशासन ने आश्वासन दिया**
दो घंटे से अधिक समय तक काम रुका रहा। मौके पर पहुंचे अभियंता ने लोगों को समझाया और 14 फीट चौड़ाई में अलकतरा युक्त सड़क निर्माण करने का आश्वासन दिया। इसके बाद

**ठेकेदार और अभियंता को कार्रवाई की चेतावनी** :
सोनी ने स्पष्ट किया कि जब तक सड़क की चौड़ाई 14 फीट और पीसीसी की बजाय अलकतरा वाली सड़क निर्माण की मंजूरी नहीं मिलती, तब तक काम को आगे नहीं बढ़ने देंगे। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में ठेकेदार और स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी।

प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन समाप्त किया।

## सॉफ्टवेयर कंपनी ने स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया



**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज के आईटी और सॉफ्टवेयर कंपनी ट्रूसॉफ्ट टेक्नोलॉजी कंपनी ने शनिवार को अपना स्थापना दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया और बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया।

नेपाल के तराई इलाकों सहित जिले में पिछले दिनों हुए बारिश से फारबिसगंज के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बाढ़ के हालात के मद्देनजर अमहारा के कमता बलियाडीह गांव में बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री,पीने का पानी, सूखा राशन तथा अन्य जरूरत के समानों का वितरण किया।राहत सामग्री आ वितरण कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक इंजीनियर विशाल कुमार झा ने किया।मौके पर कंपनी के एमडी इंजीनियर धनजीत कुमार भी मौजूद रहे।

विशाल कुमार झा ने मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि उनकी कंपनी एक कंपनी नहीं,बल्कि परिवार है,जो हमेशा से सामाजिक सरोकारों में बढ़ चढ़कर भाग लेता रहा है।स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में नहीं मनाने का निर्णय लेते हुए इस दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए जरूरतमंदों के बीच राशन और अन्य जरूरत के समानों का वितरण किया गया।वहीं धनजीत कुमार ने कहा कि असली सफलता तभी है जब तकनीक और संसाधन का उपयोग सामाजिक कार्यों में की जाय।

मौके पर आनंद सिंह,अभिनंदन कुमार,ब्रजेश द्विवेदी,मो. शाहिद, शुभांकर कुमार,अक्षत आनंद झा,जयंत कुमार,ईशा कुमारी,परवेज आलम,विकास कुमार,मो.बशीर,दीपक कुमार,सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# विधानसभा आम चुनाव 2025 हेतु वाहनों का अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ वाहन मालिकों से सहयोग की अपील

**न्यूज स्केल सुपौल**

**01: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत जिला पदाधिकारी ने वाहन मालिकों को आदेश जारी किए।**

**02 : अधिगृहित वाहन सही, चालू और परिचालन योग्य होना अनिवार्य; नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई।**



आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल, निष्पक्ष और सुचारू संचालन हेतु जिला परिवहन कार्यालय ने जिले के वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिला पदाधिकारी द्वारा नामित नोडल एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों के माध्यम से वाहन मालिकों को निर्वाचन तिथि से पांच दिन पूर्व अपने वाहन उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया जा रहा है।

**वाहन की स्थिति और नियम पालन** जिला प्रशासन ने वाहन मालिकों से अनुरोध किया है कि उनके वाहन सही, चालू और परिचालन योग्य स्थिति में सुपौल स्टेडियम परिसर में चुनाव से पांच दिन पूर्व उपलब्ध कराएँ। जो वाहन मालिक आदेश के बावजूद वाहन उपलब्ध नहीं कराएंगे, उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा वाहन का परमिट रद्द किया जा सकता है।

**लोकतंत्र में सहयोग की अपील** जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिले के सभी वाहन मालिकों से लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रशासन को पूरा सहयोग देने की अपील की। उनका कहना था कि सभी वाहन समय पर उपलब्ध कराएँ, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

**अधिनियम के तहत जारी आदेश**

यह अधिग्रहण आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 एवं 162 से 165 तक के अंतर्गत जारी किया गया है। अधिगृहित वाहनों का किराया, ईंधन और चालक भत्ता राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर भुगतान किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक लगभग 2500 वाहन मालिकों को अधिग्रहण आदेश जारी किए जा चुके हैं। कुल 7500 वाहन मालिकों तक यह आदेश पहुँचाने का लक्ष्य है।

# प्रथम और द्वितीय पीठासीन पदाधिकारी को दी गई ट्रेनिंग

**न्यूज स्केल सुपौल**





बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य हेतु प्रशिक्षण का चौथा दिन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रथम मतदान पदाधिकारी को सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय, जबकि द्वितीय मतदान पदाधिकारी को बबुजन विश्वेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

**प्रथम मतदान पदाधिकारियों का कार्य और दायित्व** : प्रशिक्षण कोषांग सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी गयानंद यादव ने प्रथम मतदान पदाधिकारियों को कार्य एवं दायित्व समझाते हुए बताया कि इस चुनाव में 100% मतदान केन्द्र पर Web Casting होगा। नोडल मास्टर प्रशिक्षक अंजनी कुमार ने कहा कि प्रथम मतदान पदाधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे और ई-पिक या फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज के आधार पर मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करेंगे। महिला मतदाताओं के क्रमांक को लाल कलम से गोल घेरना अनिवार्य होगा।

**द्वितीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण** : नोडल मास्टर प्रशिक्षक अमित कुमार और धमेन्द्र कुमार ने द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को कार्य और दायित्व विस्तारपूर्वक समझाया। द्वितीय मतदान पदाधिकारी मतदाताओं के रजिस्टर (17A) और अमिट स्याही के प्रभारी होंगे। मतदान प्रक्रिया के दौरान वे मतदाताओं के बायें हाथ के तर्जनी पर अमिट स्याही लगाएंगे और रजिस्टर में क्रमांक, ई-पिक दस्तावेज़ के अंतिम चार अंक, हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान और मत देने से इंकार करने वाले मतदाताओं की टिप्पणियाँ दर्ज करेंगे।

# तिलावे नदी में डूबा बालक का 17 घंटे बाद मिला लाश, परिजनों में मचा कोहराम





**न्यूज स्केल पिपरा**

थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत के वार्ड 17 में शुक्रवार की दोपहर तिलावे नदी में नहाने के दौरान 10 वर्षीय बालक डूब कर लापता हो गया था। जानकारी अनुसार रामनगर पंचायत के वार्ड 17 निवासी अनिल मंडल के 10 वर्षीय पुत्र बालकृष्ण कुमार घर के नजदीक दोपहर में तिलावे नदी में नहाने गया था स्नान करने के दौरान पानी की तेज धारा में गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया था। घरवालों ने नदी किनारे पहुंचे और खोजबीन शुरू किया लेकिन उनका कोई आता पता नहीं चला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिपरा पुलिस और सीओ उमा कुमारी को दी। मौके पर दर्जनों लोगों ने करीब दो - तीन घंटे से लगातार खोजबीन शुरू किया लेकिन कोई अता-पता नहीं चला था। शनिवार की सुबह लोगों ने नदी किनारे टहलने गए थे तो तिलावे नदी किनारे पानी में तैरता हुआ एक शव देखा तो लोगों ने इसकी सूचना पीड़ित घरवालों को दी

वहीं परिवारवालों ने शव को देख कोहराम मच गया इसी दौरान इसकी सूचना सीओ और पिपरा पुलिस को दी मौके पिपरा पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस बाबत

सीओ उमा कुमारी ने

बताया कि शव को पोस्टमार्टम में दिया गया है और परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर सरकारी उचित मुआवजा दिया जाएगा. वहीं परिवार में घटना को लेकर परिवारवालों में कोहराम मचा हुआ है।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनी

**न्यूज स्केल सुपौल**



नगरपरिषद स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर राजेश कुमार मल्लिक की अध्यक्षता में भारत रत्न से सम्मानित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बनाई गई। राजेश कुमार मल्लिक ने कहा कि जब देश में आपातकाल लागू हुआ था तो देश में कानून व्यवस्था खराब हो गई थी। महान् शिक्षाविद् स्वतंत्रता सेनानी के नेतृत्व में देश के एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिवक्ता रूद्रप्रताप लाल जी ने कहा कि जय प्रकाश नारायण बाबू की हाथ पकड़ कर जिस बहुत सारे नेताओं ने अपनी राजनीति का भविष्य तैयार की। जब देश को एकजुट करने वाले महान शिक्षाविद् विद्वान जयप्रकाश नारायण बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो विनोद शंकर कर्ण ने कहा कि जब जब जयप्रकाश नारायण बाबू जी का जरुरत पड़ी तब तब देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सदागी और ईमानदार से हम सभी बहुत कुछ सीख सकते हैं। डॉ सत्यप्रकाश मल्लिक ने कहा हम सभी जय प्रकाश बाबू के पदचिन्ह पर चलकर ही आगे बढ़ सकते हैं। पुष्प अर्पित करने के लिए संजीव वर्मा, अजय लाल, अमर मल्लिक, राकेश कुमार, श्याम प्रकाश, सोहन कुमार गगन जी, अभय श्रीवास्तव , अभिनव मल्लिक , भाजपा नेत्री रंजू झा , रोहित वर्मा , शिवा सिंह , नंन्दलाल , गोविंद चौधरी , पंकज चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 12 चेक पोस्ट का निर्माण

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 12 चेक पोस्ट और अंतर-जिला सीमा पर 14 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। इसके साथ 12 मल्टी एजेंसी चेक पोस्ट भी सक्रिय हैं।
चेक पोस्टों के माध्यम से मादक पदार्थ, अवैध राशि और शस्त्र की रोकथाम की जा रही है। अब तक एक शस्त्र और 99 गोली जब्त किए गए हैं। जिले के 557 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी में से 140 ने हथियार जमा किए।
निर्वाचन घोषणा के बाद 3,156 व्यक्तियों ने बॉन्ड डॉन समर्पित किया, और 24 के खिलाफ NBW जारी हुआ।
चुनाव में FST-15, SST-16 और QRT-05 सक्रिय रहकर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में ड्रोन टैक्नोलॉजी इंटरएक्टिव पर कार्यशाला

**न्यूज स्केल सुपौल**





सुपौल अभियंत्रण महाविद्यालय के टेक्निकल क्लब के तत्वावधान में ड्रोन तकनीक पर एक इंटरएक्टिव कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (IIC), IEEE स्टूडेंट ब्रांच, ई-यंत्रा, एवं राजुद्दन एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।
कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ड्रोन असेंबलिंग, विभिन्न प्रकार के ड्रोन के लाइव डेमो और तकनीकी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से परिचित कराना था।

**छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान**
कार्यशाला में प्रतिभागियों ने ड्रोन तकनीक के कृषि, सर्वेक्षण, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्रों में प्रयोग के बारे में व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। डॉ. चन्दन कुमार, डीन एकेडेमिक्स और फैकल्टी एडवाइज़र, ने छात्रों को इस तकनीक का सामाजिक और औद्योगिक समस्याओं में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

**संचालन एवं समापन**
कार्यक्रम के संचालन में रुपेश कुमार, सुंदरम कुमार और ओमानिक कुमार ने छात्र समन्वयक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन विशेषज्ञों द्वारा लाइव प्रश्नोत्तर सत्र और सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

**प्राचार्य और IIC की सराहना**

डॉ. ए. एन. मिश्रा, प्राचार्य, ने इस पहल की सराहना की और कहा कि कौशल आधारित कार्यक्रम छात्रों में नवाचार और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देते हैं। गोपाल कृष्णा, अध्यक्ष IIC, ने छात्रों की उत्साही भागीदारी की प्रशंसा की और ऐसे नवाचार आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

# शराब पीकर हंगामा करने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**



विधान सभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में की जा रही छापेमारी और वाहन चेकिंग की कारवाई एस एस बी जवानों के साथ थाना क्षेत्र के बांस चौक पर शुक्रवार की रात की जा रही थी। उसी क्रम में एसआई कामाख्या नारायण सिंह को सूचना मिली की दो व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने तत्क्षण एस एस बी जवानों के साथ कारवाई करते हुए शराब के नशे में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में संतोष कुमार और नीतीश कुमार दोनों थाना क्षेत्र के सीमावर्ती राघोपुर थाना क्षेत्र के फिंगलास चकला गांव के निवासी निकले। जिन्हें गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधान सभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी और वाहन चेकिंग अभियान किया जा रहा है।

# देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**



थानाध्यक्ष ने गुप्त सूचना पर सशस्त्रबल के सहयोग से एक युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें शुक्रवार की शाम गुप्त सूचना मिली की दुअनिया नहर स्थित ईदगाह के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ है। जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पाते हीं थानाध्यक्ष सिपाही संजय कुमार मंडल, उमेश कुमार पाल, अवधेश कुमार, राहुल कुमार व सशस्त्रबल के साथ बताये गये निशानदेही पर पहूंचे। जहां पहले से बैठा युवक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस के जवानों ने उसे ईदगाह के पास घेर कर दबोच लिया। थानाध्यक्ष द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मो. गुलजार बताया। जो थाना के क्षेत्र के चिलौनीदक्षिण पंचायत स्थित सौराजान वार्ड 12 का रहने वाला है। पुलिस कारवाई देख जमा भीड़ के सामने पकडाये युवक की तलाशी लेने पर उसके दाहिने तरफ कमर में खोसा एक देशी कट्टा बरामद किया गया। कट्टा बरामद होते हीं थानाध्यक्ष ने उसे गिरफ्तार कर थाना लाये। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुलजार की कई तरह की शिकायत मिलती रही है। लेकिन ये पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। उसके विरुद्ध अवैध रूप से घातक हथियार रखने के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष समारोह

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**








पब्लिक हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन चंद्र कर्ण थे। इस अवसर पर संघ के सह सर कार्यवाह आलोक कुमार ने संघ की स्थापना, सौ वर्षों की उपलब्धियों और आगामी वर्षों में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी।

**संघ की स्थापना और शताब्दी वर्ष की उपलब्धियां** : आलोक कुमार ने बताया कि संघ की स्थापना 27 दिसंबर 1925 को डॉ. हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन की थी। उन्होंने संघ द्वारा सौ वर्षों में किए गए सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के हर संकट और प्राकृतिक आपदा में स्वयंसेवकों ने समाज और देश की सेवा में योगदान दिया। शताब्दी वर्ष के अंत तक संघ द्वारा एक लाख कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं।

**नये शताब्दी वर्ष के पांच संदेश** : आलोक कुमार ने बताया कि नये शताब्दी वर्ष में संघ पांच प्रमुख संदेशों—पर्यावरण संतुलन, परिवार बोध, सामाजिक समरसता, स्वयं बोध और नागरिक कर्तव्य बोध—को लेकर देश के 20 करोड़ घरों तक पहुंचने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का पालन, भाषा, संस्कृति और पूर्वजों का स्मरण करना आवश्यक है। साथ ही जातिवाद और सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर समाज में समरसता स्थापित करनी होगी।

**परिवार और नागरिक कर्तव्य बोध** : उन्होंने कहा कि परिवारों में बड़ों का सम्मान और बच्चों की आजादी सुनिश्चित होनी चाहिए। परिवार के रिश्ते व्यक्ति के सुख-दुख में सहारा बनते हैं। नागरिक कर्तव्य का पालन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अधिकारों का संरक्षण। अधिकारों में संघर्ष होता है लेकिन कर्तव्यों में संघर्ष नहीं होता।

**समापन और पथसंचलन**

समारोह में जिलासंघ संचालक लक्ष्मी नारायण ठडिया, जिला कार्यवाह लालू प्रसाद लाल, जिला प्रचारक राहुलदेव, खंड कार्यवाह राहुल गोईत, मंडल कार्यवाह मनीष भूसकुलिया सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने घोष के साथ पथसंचलन कर बाजार और विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया।

# बेतिया में विधान सभा चुनाव-2025 को लेकर एटी, वीवीटी और वीएसटी टीमों को प्रशिक्षण

# जिम्मेदारियों, कार्यप्रणाली और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर दिया जोर

**न्यूज स्केल बेतिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय, बेतिया की तैयारियाँ लगातार जारी हैं। इसी क्रम में आज व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग द्वारा समाहरणालय सभागार में कोषांग अंतर्गत कार्यशील विभिन्न टीमों यथा- लेखा दल (एटी), वीवीटी और वीएसटी के सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य टीमों को उनकी जिम्मेदारियों, कार्यप्रणाली और दायित्वों की स्पष्ट जानकारी देना था।

**जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली पर जोर** : प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने, अपने दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी देने के साथ-साथ प्रत्येक कार्य को पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी से संपन्न करने के महत्व को समझाया गया। विशेष रूप से कहा गया कि व्यय पर्यवेक्षण से संबंधित सभी कार्य पारदर्शिता, शुचिता और समयबद्धता के साथ किए जाएँ।

**समर्पण और संकल्प** प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारी और कर्मियों ने आगामी विधानसभा चुनाव को सफल और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए अपनी पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**मानक संचालन प्रक्रिया का पालन** : प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सभी टीमों को यह संदेश दिया गया कि उनके सक्रिय योगदान से ही आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफल तरीके से संपन्न हो सकेगा।



» प्रशिक्षण में टीमों की जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई।

» अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का पालन करने का निर्देश।

» व्यय पर्यवेक्षण से संबंधित कार्य पारदर्शिता, शुचिता और समयबद्धता के साथ संपन्न करने पर जोर।

» मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

» उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संकल्प लिया।

## बेतिया-बगहा में पुलिस अधिकारियों को मतदान सुरक्षा एवं ईवीएम संचालन प्रशिक्षण

**न्यूज स्केल बेतिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों के तहत पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया और बगहा में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराना था।

**प्रशिक्षण में शामिल विषय** प्रशिक्षण में सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अवर निरीक्षक एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनरों ने निर्वाचन प्रक्रिया के हर चरण की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस की जिम्मेदारी केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि मतदान केंद्रों पर अनुशासन, भीड़ नियंत्रण, मतदान सामग्री की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी शामिल है।

**वरिष्ठ अधिकारियों के संदेश** वरिष्ठ अधिकारियों ने बलों को सतर्कता, अनुशासन, टीमवर्क और जनता के प्रति सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया।



**ईवीएम एवं वीवीपैट संचालन** प्रशिक्षण में ईवीएम और वीवीपैट संचालन की लाइव डेमो दी गई। साथ ही मशीनों को सुरक्षित रूप से स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुँचाने और वहां सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीके बताये गए। ट्रेनरों ने चुनाव अवधि में आचार संहिता के उल्लंघन को बर्दाश्त न करने की स्पष्ट हिदायत दी।

# मधुबन विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सेक्टर पदाधिकारियों के साथ जिला प्रशासन की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल एवं अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा ने 11 अक्टूबर, 2025 को पकड़ीदयाल अनुमंडल सभाकक्ष में 18-मधुबन विधानसभा क्षेत्र में सफल मतदान सुनिश्चित करने के लिए बैठक की। बैठक में सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



**कार्यों की समीक्षा और निर्देश** जिलाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान किए गए कार्यों और तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके दायित्व, क्षेत्र भ्रमण, मतदान केंद्रों की स्थिति, रास्तों की स्थिति और संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी ली गई।



**. क्षेत्र भ्रमण और आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण** : सभी सेक्टर पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं (AMF) की उपलब्धता देखी गई और संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

**चुनाव प्रक्रिया में सक्रियता और जिम्मेदारी** : जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को आवंटित क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी रखकर मतदान के दिन समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया।

## जनता के दरबार में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएँ



**न्यूज स्केल मोतीहारी**

आज जिला प्रशासन की पहल के तहत जनता के दरबार कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राधाकृष्णन भवन में किया गया। कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार ने जिला के विभिन्न अंचलों से आए कुल 28 आवेदनकर्ताओं के आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों तक तुरंत भेजा जाए ताकि शीघ्र निष्पादन हो सके। इस प्रकार जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया।

# नालंदा में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ईवीएम एवं वीवीपैट प्रथम रैंडमाइजेशन का सफल आयोजन

**न्यूज स्केल नालंदा**

कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया के तहत प्रथम स्तरीय जाँच (FLC) में सही पाए गए मशीनों को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया। रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के EVM Management System (EMS) पोर्टल के माध्यम से किया गया।

**सूची का वितरण एवं सुरक्षा** प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण होने के बाद विधानसभा क्षेत्रवार मशीनों की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके पश्चात, जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। सूची के माध्यम से प्रत्येक दल और अभ्यर्थी चयनित मशीनों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।





**विधानसभा क्षेत्रवार आवंटन** : प्रथम रैंडमाइजेशन नालंदा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार संपन्न हुआ। जिन विधानसभा क्षेत्रों में यह प्रक्रिया हुई, उनमें 171-अस्थावां, 172-बिहार शरीफ, 173-राजगीर (अ.जा), 174-इस्लामपुर, 175-हिलसा, 176-नालंदा और 177-हरनौत शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए चयनित ईवीएम एवं वीवीपैट को आगामी निर्वाचन में उपयोग के लिए सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा।

**राजनीतिक दलों की उपस्थिति** : रैंडमाइजेशन प्रक्रिया में राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इसमें आम आदमी पार्टी, लोक समता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट, सीपीएम-लिबरेशन, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड एवं लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे। दलों के प्रतिनिधियों ने विधानसभा क्षेत्रवार मशीनों की सूची पर हस्ताक्षर कर प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की।

## चकिया के बारा गोविंद में आग लगने से स्कार्पियो समेत 30 लाख की संपत्ति जली

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के चकिया थाना क्षेत्र के बारा गोविंद गांव में बीते देर रात एक घर में भीषण आग लगने से लाखो की संपत्ति जलकर राख हो गई।

बताया गया कि अगलगी की घटना गांव के उपेन्द्र राय के घर हुई।जिसमे उपेंद्र राय की एक स्कॉर्पियो, दो मोटरसाइकिल और कई मवेशी जल गए।

ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय उपेंद्र राय अपने घर में सो रहे थे। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग इतनी भयावह हो गई कि घर का सारा सामान, अनाज और मवेशी जल कर राख हो गये।



सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम लेकिन आग इतनी तेजी से फैला कि कुछ भी बचाया नही जा सका। अगलगी की इस घटना में करीब 30 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

आग लगने के कारण का अब तक कोई सटीक जानकारी नही मिली है,हालांकि पीड़ित उपेंद्र राय ने आगजनी के पीछे आपसी रंजिश की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि आग एक साथ चारों तरफ से लगी, जिससे उन्हें लगता है कि किसी ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को चकिया अंचलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर, घटना के बारे में पीड़ित परिवार से जानकारी प्राप्त किया और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# खेल में बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए करे कड़ी मेहनतः खेल पदाधिकारी

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा पटना में आयोजित होने वाले खेल सम्मान समारोह 2025 में शामिल होने वाले विभिन्न खेलों के मेडलिस्ट खिलाड़ियों से शनिवार को जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। पटना रवानगी से पहले स्थानीय खेल भवन परिसर में तलवारबाजी, साइक्लिंग और थांग-टा खेल के चयनित खिलाड़ियों से मिलकर उन्होंने उनकी उपलब्धियों की जानकारी ली। जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को जीवन में सफलता के लिए बेहतर योजना बनाने, अनुशासन बनाए रखने और अभ्यास पर ईमानदारी से ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल का महत्व होता है, इसलिए सभी खिलाड़ी अपना लक्ष्य गोल्ड मेडल पर रखें और उसे जीतने के लिए प्रैक्टिस पर पूरी मेहनत करें। इसके साथ ही कोच द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का पालन और अनुशासन का होना बेहद जरूरी है, क्योंकि बिना अनुशासन के बड़े लक्ष्य हासिल नहीं किए जा सकते।



सम्मान राशि और मेडल प्राप्त करने हेतु साइक्लिंग खेल में सुप्रिया कुमारी, शालिनी कुमारी, दीपक कुमार और रितिक कुमार; तलवारबाजी में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी रवि कुमार यादव, राष्ट्रीय पदक विजेता केशर राज, अभिषेक कुमार और मनजीत कुमार; थांग-टा मार्शल आर्ट में पिंकी कुमारी, शीतल कुमारी, सुजीत कुमार, सुंदरम कुमार, मोहम्मद साद आलम, नाहिद आलम, अयान चौधरी और निराले बाबू सहित कुल 18 पदक विजेता खिलाड़ी पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सम्मानित होंगे। जिला खेल पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पटना रवाना किया। मौके पर जिला साइक्लिंग, तलवारबाजी, थांग-टा और कबड्डी संघ के सचिव समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चार साइबर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया,कई मामले की

**नवादा,** (हि.स.)।नवादा जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम का गठन कर शनिवार को 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उक्त टीम पकरीबरामां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर के नेतृत्व में गठित की गई थी। टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगराजपुर गांव स्थित बगीचा के पास से छापेमारी कर दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। जबकि कई साइबर अपराधी पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहा।



गिरफ्तार साइबर अपराधी की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत दोसुत पंचायत स्थित राजु कुमार व नीरज कुमार के रूप में किया गया.जिसके पास से तीन एन्ड्राइड मोवाइल,एक कीपैड मोवाइल व तीन पन्ने का कस्टमर डाटा बरामद किया गया है।

ये बातें पकरीबरामां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने शनिवार को वारसलीगंज थाने में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी ने रिलायंस फाइनेंस एवं अन्य कंपनियों से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करता है।

घटनास्थल से बरामद मोवाइल में तीन नम्बर फर्जी पाया गया है.वहीं एक मोवाइल नम्बर का एनसीआर पर शिकायत दर्ज है।इधर वारिसलीगंज थाना कांड संख्या- 207/25 में फरार नामजद अभियुक्त को भी पुलिस ने ही गिरफ्तार किया। ठगी मामले में ही फरार थाना क्षेत्र अंतर्गत मोसमा पंचायत स्थित टाटी मीरविगहा गांव निवासी गणेश तांती व लवकुश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया.प्रेसवार्ता के दौरान प्रशिक्षु एसडीपीओ पीयूष अग्रवाल,थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी मौजूद थे।



# चेन्नई एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, इंडिगो फ्लाइट की विंडशील्ड में आई दरार, 76 यात्री सुरक्षित

**चेन्नई** (हि.स.)। तमिलनाडु में शुक्रवार देर रात उस वक्त एक बड़ा हवाई हादसा टल गया, जब मदुरई से चेन्नई आ रहे एक प्राइवेट एयरलाइन के विमान की विंडशील्ड उड़ान के दौरान ही चिटक गई। पायलट की सतर्कता और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) की तत्परता से विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया गया। विमान में कुल 79 यात्री सवार थे।

इंडिगो एयरलाइंस का एक छोटा एटीआर यात्री विमान मदुरई एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। लैंडिंग से कुछ देर पहले पायलट की नजर कॉकपिट के शीशे पर गई, जिसमें दरार दिखाई दी। स्थिति को गंभीर समझते हुए पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को दी। सूचना मिलते ही एटीसी की टीम तुरंत सक्रिय हो गई और विमान को सुरक्षित लैंड कराने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए। थोड़ी देर बाद विमान को चेन्नई एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। हादसे के समय विमान में मौजूद सभी 79 यात्री सुरक्षित हैं।

विमान शुक्रवार रात 10.07 बजे मदुरै से चेन्नई के लिए रवाना हुआ, जिसमें 74 यात्री और पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। जब विमान चेन्नई की ओर उड़ान भर रहा था, तब विंडशील्ड पर हल्की खरोंचें देखी गईं। पायलट यह देखकर चौंक गया और उसने तुरंत चेन्नई हवाई अड्डे के नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों से संपर्क किया और उन्हें सूचित किया। इसके बाद चेन्नई हवाई अड्डे के नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों ने विमान को चेन्नई में सुरक्षित रूप से उतरने का आदेश दिया। दिल्ली स्थित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय(डीजीसीए) ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

# Tatkal Ticket Booking Tips : ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आसान तरीका

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दीपावली और छठ पूजा के समय रेलवे में यात्रियों की भीड़ बहुत बढ़ जाती है। ऐसे में कई यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाता। जो लोग त्योहारों पर अचानक यात्रा करना चाहते हैं, वे तत्काल टिकट (Tatkal Ticket) बुकिंग पर निर्भर होते हैं। समय और तैयारी पर ध्यान देने से कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ाई जा सकती है।



टिप्स:IRCTC अकाउंट को आधार से वेरिफाई करें। तत्काल टिकट के लिए अनिवार्य है।
मास्टर लिस्ट तैयार रखें। पैसेंजर की डिटेल्स पहले से डालने से समय बचेगा।
IRCTC eWallet का उपयोग करें। पेमेंट तेज़ और सुरक्षित होता है।
सही समय पर लॉग-इन करें। एसी क्लास के लिए बुकिंग यात्रा से एक दिन पहले 10 बजे, नॉन-एसी के लिए 11 बजे खुलती है। बुकिंग शुरू होने से 4-5 मिनट पहले लॉग-इन करना लाभकारी है।
इन आसान टिप्स को अपनाकर आप तत्काल टिकट बुकिंग में अपनी कन्फर्म सीट मिलने की संभावना बढ़ा सकते हैं।

# इंडिगो 10 नवंबर से दिल्ली और चीन के ग्वांगझू के बीच संचालित करेगी सीधी उड़ानें

## -इंडिगो 20 दिसंबर से दिल्ली और हनोई के बीच सीधी उड़ानें शुरू करेगी

**नई दिल्ली,** (हि.स.) देश में किफायती विमानन सेवा प्रदाता इंडिगो एयरलाइन ने शनिवार को दिल्ली और चीन के ग्वांगझू के बीच अपनी दैनिक सीधी सविर्स शुरू करने का ऐलान किया, जो 10 नवंबर से शुरू होगी। इंडिगो ने 20 दिसंबर 2025 से दिल्ली और हनोई के बीच भी दैनिक सीधी सेवा शुरू करने की घोषणा की है।



एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि नए मार्ग पर एयरबस ए320 विमान का उपयोग किया जाएगा। ये कदम लगभग 5 वर्षों के अंतराल के बाद दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क की क्रमिक बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे एशिया की दो सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं की राष्ट्रीय राजधानियों के बीच संपर्क बढ़ेगा।

इंडिगो की ये घोषणाएं इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्रालय द्वारा भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की पुष्टि के बाद की गई हैं। इस घोषणा के बाद दोनों पक्षों ने इस घटनाक्रम को कोरोना महामारी और डोकलाम के बाद संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इसके अलावा इंडिगो ने 20 दिसंबर से दिल्ली और हनोई के बीच दैनिक सीधी सेवा शुरू करने की घोषणा की है। देश की पसंदीदा एयरलाइन इंडिगो इस नए मार्ग पर अपने एयरबस ए320 विमान का संचालन करेगी, जो भारत की राजधानी से दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे जीवंत सांस्कृतिक और व्यावसायिक केंद्रों में से एक तक निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इंडिगो वर्तमान में कोलकाता से हनोई और हो ची मिन्ह सिटी को जोड़ने वाली 14 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

# बच्चों की आंखों में काजल लगाने की परंपरा भारत में सदियों से चली आ रही है

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बच्चों की आंखों में काजल लगाने की परंपरा भारत में सदियों से चली आ रही है। अक्सर परिवार के बुजुर्ग मानते हैं कि काजल लगाने से बच्चों की आंखें बड़ी और खूबसूरत होती हैं। जन्म के तुरंत बाद बच्चा घर में आने पर दादी-नानी, मम्मी-चाची उसे प्यार और ध्यान देने के साथ आंखों में काजल भी लगाती हैं। लेकिन क्या वाकई ऐसा होता है, या यह सिर्फ एक मिथक है, इसे बाल रोग विशेषज्ञों से जानना जरूरी है।



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय बिनोद के अनुसार, बच्चों की आंखें बहुत संवेदनशील होती हैं और काजल लगाने से जलन, खुजली, एलर्जी या आंसू नली में जाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बाजार में मिलने वाले काजल में अक्सर सीसा (Lead) जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो आंखों में लालिमा, इंफेक्शन और गंभीर मामलों में ट्रेकोमा जैसी बीमारियां भी पैदा कर सकते हैं।

काजल केवल आंखों को बड़ा दिखाने का दृश्य प्रभाव देता है, वास्तविक रूप से आंखों का आकार बढ़ता नहीं है। इसलिए छोटे बच्चों को काजल लगाने से बचना चाहिए। यह सिर्फ एक पुरानी परंपरा और मिथक है, जिसे सुरक्षित और स्वस्थ नजरिए से अपनाना जरूरी है।

# निमोनिया में नहाना : क्या सुरक्षित है?

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। 1. गुनगुने पानी से नहाना सुरक्षित
निमोनिया में पेशेंट को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। शारदा अस्पताल के डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, गुनगुने पानी से नहाने पर लंग्स रिलैक्स होते हैं।
इससे त्वचा साफ रहती है और संक्रमण का खतरा भी कम होता है।
2. ठंडे पानी से नहाने से बचें
ज्यादा ठंडे पानी से नहाना नुकसानदेह हो सकता है। ठंडे पानी से लंग्स पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।
3. अन्य हेल्थ टिप्स
गर्म पानी पीना और भाप लेना फायदेमंद है।
गर्म सूप का सेवन करना रिकवरी में मदद करता है।
बुरी आदतों जैसे स्मोकिंग और ड्रिंकिंग से दूरी बनाएं।
4. डॉक्टर की सलाह जरूरी
खुद से दवा न लें।
जल्द से जल्द किसी अच्छे डॉक्टर से कंसल्ट करें।
ज्यादा से ज्यादा आराम करें।
निष्कर्षः निमोनिया में गुनगुने पानी से नहाना सुरक्षित है, लेकिन ठंडे पानी से बचें। साथ ही सही आहार, आराम और डॉक्टर की सलाह फास्ट रिकवरी के लिए जरूरी हैं।



# राशिफल : 12 अक्टूबर, 2025

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

**कुम्भ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

# पंचांग : 12 अक्टूबर, 2025

12 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृष में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.23 बजे से
वृश्चिक 08.37 बजे से
धनु 10.53 बजे से
मर 12.58 बजे से
कुभ 14.45 बजे से
मीन 16.18 बजे से
मेष 17.48 बजे से
वृष 19.28 बजे से
मिथुन 21.26 बजे से
र्क 23.40 बजे से
सिंह 01.56 बजे से
कन्या 04.08 बजे से
रविवार 2025 वर्ष का 285वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि षष्ठी 14.18 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 13.37 बजे कोसमाप्त।
योग वरीयान 10.55 बजे को समाप्त।
करण वणिज 14.18 बजे तदनन्तर विष्टि 01.17 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 20.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 070 25’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872495
जूलियन दिन 2460960.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी

तारीख 19



# राष्ट्रपति मुर्मु ने किए भगवान द्वारकाधीश के दर्शन

**गांधीनगर,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गुजरात के द्वारका पहुंची। उन्होंने द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के चरणों में शीश झुकाकर दर्शन किए। राष्ट्रपति ने भगवान द्वारकाधीश से भारत के नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए हृदयपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्तिभाव से शास्त्रोक्त विधि अनुसार पादुका पूजन कर धन्यता का अनुभव किया। इस अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर में पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेर, जिला कलेक्टर राजेश तन्ना, रेंज आईजी अशोककुमार यादव, पुलिस अधीक्षक जयराजसिंह वाला, प्रांत अधिकारी अमोल आवटे, प्रशासक तथा नायब कलेक्टर हिमांशु चौहान ने राष्ट्रपति का ऊपरणा, द्वारका मंदिर की प्रतिकृति, फूल और तुलसी से निर्मित "अनुग्रहम" अगरबत्ती, गोल्ड प्लेटेड द्वारकाधीश का स्वरूप तथा प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन से मौतों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा, सरकार चलाएगी दस्तावेज पुनर्प्राप्ति शिविर

**कोलकाता,** (हि.स.)।

**प्रभावित लोगों के लिए दस्तावेज़ प्राप्ति हेतु राज्य सरकार और पुलिस ने विशेष मोबाइल शिविर शुरू किए।**

--------------------





पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। पिछले 24 घंटों में एक और शव बरामद होने के बाद यह आंकड़ा बढ़ा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दार्जिलिंग व जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन के ताजा आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह तक मौतों की संख्या 39 थी। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि जलपाईगुड़ी जिले के नागरा काटा क्षेत्र के बामुंडांगा स्थित तुडू चाय बागान के पास एक महिला का शव नदी में मिला। मृतका की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। इधर, पहाड़ी और तराई-डुआर्स क्षेत्रों में लोगों ने शिकायत की है कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण उनके कई जरूरी पहचान पत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज बह गए या नष्ट हो गए हैं। इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है, ताकि प्रभावित लोगों को नए दस्तावेज प्राप्त करने में सहायता मिल सके। जलपाईगुड़ी से सटे अलीपुरद्वार जिले में जिला पुलिस प्रशासन ने पहले ही कुछ मोबाइल शिविर शुरू कर दिए हैं। अलीपुरद्वार के पुलिस अधीक्षक वाई. रघुवंशी ने शनिवार को बताया, वर्तमान स्थिति में लोगों के लिए थाने तक पहुंचना कठिन है। इसलिए हमने मोबाइल शिविर शुरू किए हैं, जहां लोग अपने दस्तावेजों के नुकसान की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ये शिविर तब तक जारी रहेंगे जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते। इस बीच, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों के जंगलों से सटे इलाकों में एक और खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ के बाद जंगलों में भोजन की कमी के कारण जंगली जानवर अब रिहायशी इलाकों की ओर आ सकते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 13 अक्टूबर को एक बार फिर उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी। इस बार उनका दौरा केवल पहाड़ी इलाकों तक सीमित रहेगा। इससे पहले इस सप्ताह उन्होंने उत्तर बंगाल के मैदानी इलाकों का निरीक्षण किया था।-

# प्रतियोगी परीक्षा संबंधी जांच आयोग ने मुख्यमंत्री धामी को सौंपी अंतरिम रिपोर्ट

**देहरादून,** (हि.स.)। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी ने आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार रिपोर्ट का परीक्षण कर अभ्यर्थियों के हित में निर्णय लेगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 21 सितंबर, 2025 को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की



जांच के लिए राज्य सरकार ने आयोग का गठन किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आयोग ने अल्प समय में अधिक से अधिक जनसुनवाई कर अभ्यर्थियों एवं संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति की जा चुकी है, जिससे मामले की पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भर्ती परीक्षा में अनियमितता की कोई संभावना न रहे और अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों का विश्वास राज्य की परीक्षा प्रणाली पर बना रहे।

# गाव धारीवाला में डेंगू, मलेरिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 305 लोगों ने उठाया लाभ

**हरिद्वार,** (हि.स.)। ब्लॉक बहादराबाद के ग्राम धारीवाला में डेंगू और मलेरिया बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। क्षेत्र में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेत्रपाल चौहान ने जिला चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की मांग की थी। मांग पर संज्ञान लेते हुए बहादराबाद स्वास्थ्य केंद्र की डॉक्टरों की



टीम शनिवार को धारीवाला पहुंची और पंचायत भवन परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 305 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

टीम लीडर डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान 295 मरीज बुखार से पीडित पाए गए, 16 मरीजों में शुगर की समस्या मिली, जबकि 22 मरीजों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई। वहीं 93 मरीजों के मलेरिया की पुष्टि के लिए सैंपल लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट सोमवार को आएगी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. अंशिका पुरी, लैब टेक्नीशियन सुरेश बेलवाल, फार्मासिस्ट वीरेंद्र दत्त चमोली, नर्सिंग स्टाफ कार्तिका और अनुशीय शामिल रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेत्रपाल चौहान ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में बुखार और डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग से कैंप की मांग की गई थी, जिस पर आज पंचायत भवन परिसर में कैंप आयोजित किया गया, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली।

# सप्ताहांत में फिर मेट्रो सेवा बाधित, यात्रियों को भारी परेशानी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। शनिवार को कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर तकनीकी खामी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गिरीश पार्क से दमदम तक मेट्रो सेवा आंशिक रूप से बाधित रही, जिससे हजारों लोगों का समय सामान्य से अधिक लगा।

**सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी** मेट्रो रेल अधिकारियों के अनुसार, दमदम स्टेशन पर दोपहर के समय सिग्नलिंग सिस्टम में तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई। इसके कारण दक्षिणेश्वर से गिरीश पार्क तक सेवा बाधित रही, जबकि शहीद खुदीराम से गिरीश पार्क तक की ट्रेनें भी अनियमित रहीं। कई स्टेशनों पर ट्रेनें रुकती रहीं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। **यात्रियों का आक्रोश** : यात्रियों ने मेट्रो प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि ट्रेनें बीच-बीच में रुक रही थीं, घोषणाएं अस्पष्ट थीं और मेट्रो चालक भी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रहे थे। इससे भ्रम और गुस्सा दोनों फैल गया।

**सेवा संचालन में बदलाव**

कवि सुभाष स्टेशन बंद होने के बाद केवल दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम तक सेवा चल रही थी। अधिकारियों ने घोषणा की कि कई ट्रेनें महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर ही समाप्त होंगी। कुल 272 ट्रेनों में से 32 ट्रेनें कवि सुभाष तक नहीं जाएंगी।

**यात्रियों की शिकायतें बढ़ीं**

ब्लू लाइन में हाल ही में नई रूटों के उद्घाटन के बाद से यह उपेक्षित महसूस हो रही है। देर से ट्रेन पहुंचना, दरवाजों का ठीक से बंद न होना और लंबा स्टेशनों पर ठहराव आम समस्या बन गई है। दुर्गापूजा के समय सेवा सुचारू थी, लेकिन त्योहार समाप्त होते ही परेशानी फिर लौट आई।

# जैन समाज बनाएगी शांतिदूत जन कल्याण पार्टी : जैन मुनि नीलेश





**मुंबई,** (हि.स.)। जैन मुनि नीलेश चंद्र विजय ने कहा कि जैन समाज की ओर से शांतिदूत जनकल्याण पार्टी बनाई जाएगी। इसमें चादर और फादर को छोड़कर सभी शामिल होंगे। पार्टी धर्म और समाज कल्याण के लिए काम करेगी। चुनाव चिन्ह कबूतर होगा। मुनि ने कहा कि जैन समाज शांतिप्रिय है और देश को सर्वाधिक टैक्स देता है। महाराष्ट्र में कुछ लोग राजनीति के लिए कबूतरों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने एकनाथ शिंदे से अपील की कि गलत प्रचार करने वाली महिला को रोका जाए। धर्मसभा में कैवल्य रत्न महाराज ने कहा कि कबूतरों से किसी को हानि होने की संभावना नहीं है। जटायु पक्षी के उदाहरण से उन्होंने पक्षियों के महत्व पर जोर दिया। जैन मुनि सुरेशजी महाराज ने कहा कि कबूतर और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से इस संबंध में प्रार्थना की।

# भदोही को छोटा मत समझिए, यह यूपी की आर्थिक ताकत : योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री को भेजिए प्रधानमंत्री मोदी की कालीन पर बनी तस्वीरनिर्यातक ने कालीन पर बनी मुख्यमंत्री की तस्वीर भी भेंट किया**

**भदोही,** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही में 49वें कालीन मेले का उद्घाटन किया। यह मेला कारपेट एक्सपो मार्ट द्वारा 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा भिखारीपुर हेलीपैड पहुंचे और कार से मेले स्थल पहुंचे, जहां स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मेले का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। स्टॉल



निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को कई उपहार भेंट किए गए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वयं मुख्यमंत्री की तस्वीर वाली कालीनें शामिल थीं। जिला कारागार के बंदियों द्वारा बनाई गई कालीनों की भी उन्होंने प्रशंसा की। एक स्टॉल पर उन्हें जेसीबी मशीन की तस्वीर भेंट की गई, जो उनके बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध होने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्पेट उद्योग 25 से 30 लाख लोगों को रोजगार देता है और सालाना करीब 17 हजार करोड़ रुपये का निर्यात करता है। यह महिलाओं के स्वावलंबन का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। भदोही आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुका है और दीपावली पर पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

» मेला कारपेट एक्सपो मार्ट द्वारा 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है।

» मुख्यमंत्री लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा भिखारीपुर हेलीपैड पहुंचे और कार से मेले स्थल गए।

» स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

» मेले का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।

# गाजा के खंडहरों में लौट रही उम्मीदें: युद्धविराम के बाद घरों की ओर लौटे हजारों फिलिस्तीनी



गाजा पट्टी में दो साल से जारी हिंसक संघर्ष के बाद शुक्रवार दोपहर से लागू हुए युद्धविराम ने हजारों फिलिस्तीनियों के चेहरे पर उम्मीदों की नई मुस्कान ला दी है। बमों और मिसाइलों की बारिश से खंडहर हो चुके गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक राहत शिविरों से अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। उत्तरी गाजा की गलियों में लौटते लोग अपने अपनों की याद और खोई हुई संपत्ति के बावजूद घर वापसी का जश्न मना रहे हैं। अमेरिका की मध्यस्थता में लागू हुए इस समझौते ने लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के अंत की उम्मीदें जगाई हैं। हालांकि गाजा के भविष्य को लेकर अनसुलझे सवाल अब भी मौजूद हैं। समझौते के तहत हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष 48 इजरायलियों और अन्य लोगों को सोमवार तक रिहा करने की प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसमें करीब 20 के जीवित होने की संभावना जताई जा रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि अगर हमास अपने हथियार नहीं डाले तो सैन्य कार्रवाई फिर शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में हमास को पूरी तरह निःशस्त्र किया जाएगा और गाजा को "असैन्यीकृत क्षेत्र" बनाया जाएगा। वरिष्ठ इजरायली सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, अभी भी गाजा के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से पर इजरायली सेना का नियंत्रण रहेगा।
यह संघर्ष 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ था, जब हमास ने इजरायल पर 5000 से अधिक रॉकेट हमले और जमीनी आक्रमण किए थे। इस हमले में लगभग 1,200 इजरायली मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इसके जवाब में इजरायल ने बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया, जिससे गाजा में भारी तबाही हुई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अब तक 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और लगभग 1,70,000 लोग घायल हुए हैं।
इस युद्ध और उसके परिणामों ने न केवल मध्य-पूर्व बल्कि वैश्विक राजनीति को भी गहराई से प्रभावित किया है। युद्धविराम ने फिलिस्तीनियों को अपने घर लौटने की राहत दी है, लेकिन स्थायी शांति और पुनर्निर्माण की राह अभी लंबी और चुनौतीपूर्ण है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर टीटीपी का हमला, भीषण गोलीबारी में कम से कम सात की मौत




**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में शुक्रवार रात पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर टीटीपी के हमलावरों ने हमला किया। सात-आठ हथियारबंद आतंकी रात करीब आठ बजे मुख्य द्वार से परिसर में घुसे और रुक-रुक कर पांच विस्फोट किए। हमले के दौरान रॉकेट लॉन्चर और स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल हुआ।

**जख्मी और मृतकों की संख्या** : इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए। पांच पुलिस अधिकारी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला मुख्यालय अस्पताल में ग्यारह अन्य घायल इलाजाधीन हैं और एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

**राजनीतिक और सुरक्षा प्रतिक्रिया** : टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी ली। कार्यवाहक सीनेट अध्यक्ष सैयदाल खान ने हमले की कड़ी निंदा की। सुरक्षा बलों ने परिसर पर नियंत्रण कर लिया है और मामले की जांच जारी है। यह हमला क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों और आतंकवाद की गंभीरता को दर्शाता है।

**सुरक्षाबलों की प्रतिक्रिया**
पुलिस ने बख्तरबंद वाहन और विशेष इकाइयों को तुरंत भेजकर हमलावरों को घेर लिया। तीन घंटे तक चली गोलीबारी में तीन हमलावर मार गिराए गए। आसपास के लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाज सुनी और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई।

# ट्रंप की मिस्र और इजराइल यात्रा की योजना





**वाशिंगटन,** (हि.स.)। इजराइल और हमास के बीच गाजा पट्टी के लिए युद्धविराम समझौते के लागू होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिस्र और इजराइल की यात्रा की योजना की घोषणा की है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप उन कई वैश्विक नेताओं से मिलेंगे, जिन्हें इस ऐतिहासिक समझौते का जश्न मनाने के लिए काहिरा आमंत्रित किया गया है।

**कैदियों की रिहाई और मानवीय सहायता का रास्ता खुला** : गुरुवार से प्रभावी युद्धविराम के तहत हमास 7 अक्टूबर 2023 के हमले में बंधक बनाए गए लगभग 20 इजराइलियों को रिहा करेगा, जबकि इजराइल करीब 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। इसके साथ गाजा में मानवीय सहायता का रास्ता फिर से खुलने की संभावना है।

**नेसेट को संबोधित करने की मंशा जताई** : ट्रंप ने कहा कि वे इजराइल की एकसदनीय संसद नेसेट को संबोधित करना चाहते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह युद्धविराम लंबे समय तक कायम रहेगा और गाजा का पुनर्निर्माण संभव हो सकेगा। ट्रंप ने कहा, "मुझे लगता है कि यह कायम रहेगा, सभी अब लड़ाई से थक चुके हैं।"

**अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की की मध्यस्थता से बनी सहमति** : यह समझौता अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की की मध्यस्थता से हुआ। पिछले हफ्ते ट्रंप द्वारा पेश की गई 20-सूत्रीय शांति योजना की शर्तों को अंतिम रूप देने के बाद यह ऐतिहासिक सहमति बनी। इससे दो साल से जारी सशस्त्र संघर्ष के समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पेरू में राष्ट्रपति बदल, जोस जेरी ने संभाली कमान




**लीमा (पेरू)**: पेरू में एक रात में बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ। संसद ने महाभियोग के जरिए देश की पहली महिला राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को पद से हटा दिया। इसके बाद 38 वर्षीय जोस जेरी ने शुक्रवार को पेरू के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पेशे से वकील जेरी को राजनीतिक अनुभव कम है, हाल ही में जुलाई में वे संसद के अध्यक्ष बने थे। जोस जेरी ने शपथ ग्रहण के बाद जनता से कहा कि वे सुलह की कोशिश करेंगे, अपराध पर नियंत्रण करेंगे और अप्रैल में होने वाले नए राष्ट्रपति चुनाव में निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। संसद ने बोलुआर्टे को अपराध रोकने में असमर्थ रहने के आधार पर महाभियोग के चार अनुरोध स्वीकार किए। बहस और सुनवाई के दौरान बोलुआर्टे ने उपस्थित नहीं होकर अपने बचाव का मौका नहीं लिया, जिसके बाद 124 सांसदों ने उनके खिलाफ मतदान किया। यह उनके खिलाफ महाभियोग का नौवां प्रयास था। इस घटना के कुछ ही घंटों पहले राजधानी में एक संगीत समारोह में हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हुए, जिसने देश में अपराध के प्रति गुस्सा भड़काया। जेरी का सत्ता में तत्काल आना चौंकाने वाला था, क्योंकि उन्होंने अगस्त में कहा था कि वे बोलुआर्टे के खिलाफ महाभियोग में राष्ट्रपति पद नहीं लेंगे। डीना बोलुआर्टे ने दिसंबर 2022 में पदभार संभाला था।

# अमेरिका के टेनेसी सैन्य संयंत्र में विस्फोट, 19 लोग लापता, सभी की मौत होने की आशंका

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। टेनेसी के हम्फ्रीज काउंटी के ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स के गोला-बारूद संयंत्र में हुए जबरदस्त विस्फोट ने पूरे इलाके को हिला दिया। यह धमाका स्थानीय समयानुसार सुबह 7:45 बजे हुआ, जिसकी आवाज मीलों दूर तक सुनी गई। शेरिफ क्रिस डेविस के अनुसार, विस्फोट के बाद संयंत्र की इमारत पूरी तरह जलकर राख हो गई।

**19 लोग लापता, जीवित मिलने की उम्मीद नहीं**
अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद 19 कर्मचारी लापता हैं और उनके जीवित बचने की संभावना बेहद कम है। एबीसी न्यूज और ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रशासन अभी तक मौतों की सटीक संख्या बताने से बच रहा है, लेकिन हालात बेहद गंभीर हैं।




**जांच एजेंसियां मौके पर, स्थिति नियंत्रण में**
घटना के बाद अल्कोहल, तंबाकू, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक ब्यूरो (ATF), होमलैंड सुरक्षा और टेनेसी ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। हम्फ्रीज काउंटी आपात प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि फिलहाल कोई और खतरा नहीं है और स्थिति नियंत्रण में है। गवर्नर बिल ली ने घटना को "दुखद" बताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

**विस्फोटक बनाती थी कंपनी, सेना को सप्लाई करती थी सामग्री** : एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स कंपनी अमेरिकी रक्षा विभाग और होमलैंड सुरक्षा विभाग के लिए विस्फोटक तैयार करती थी। कंपनी की फैक्ट्री नैशविले से लगभग 97 किलोमीटर दूर बक्सनॉर्ट इलाके की पहाड़ियों में स्थित है, जिसमें आठ इमारतें शामिल थीं।

## बुलेटिन बॉक्स

» पेरू में राष्ट्रपति परिवर्तनः महाभियोग के बाद पेरू की राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को हटाकर जोस जेरी ने पद संभाला।

» टेनेसी सैन्य संयंत्र विस्फोटः अमेरिका के टेनेसी में सैन्य गोला-बारूद संयंत्र में विस्फोट, 19 लोग लापता।

» भूकंप का प्रकोपः 7.1 तीव्रता का भूकंप, केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर, सुनामी अलर्ट जारी।

» ट्रंप की शांति योजनाः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और मिस्र यात्रा की योजना बनाई।

» यूरोप में ऊर्जा संकटः गैस और तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कई देशों में ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव।

# गाजा में युद्धविराम प्रभावी, इजराइली सैनिकों की वापसी शुरू

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। लगभग दो वर्षों से जारी संघर्ष के बाद गाजा पट्टी में शनिवार सुबह पांच बजे (ईएसटी) से युद्धविराम प्रभावी हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में मिस्र के शर्म-अल-शेख शहर में हुई परोक्ष वार्ता के दौरान इजराइल और हमास ने शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार, हमास को सोमवार सुबह तक 48 बंधकों को रिहा करना होगा, जिनमें से 20 के जीवित होने की संभावना जताई गई है।




**इजराइली सैनिकों की वापसी और विस्थापितों की घर वापसी** : युद्धविराम लागू होते ही इजराइली सैनिकों ने गाजा के प्रमुख इलाकों से पीछे हटना शुरू कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके साथ ही हजारों फिलिस्तीनी अपने घरों को लौटने लगे हैं। इस प्रक्रिया के तहत विस्थापित नागरिकों की सुरक्षित वापसी और सीमित पुनर्निर्माण कार्यों की अनुमति दी गई है।

**बंधकों की रिहाई और दूसरे चरण की तैयारी**
संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई "आसान हिस्सा" है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में गाजा के विसैन्यीकरण पर काम किया जाएगा। फिलहाल, सोमवार दोपहर तक सभी बंधकों को सौंपे जाने की उम्मीद है।

**अमेरिकी निगरानी और मानवीय सहायता की तैयारी**
एबीसी न्यूज के अनुसार, अमेरिकी सेना के 200 विशेषज्ञ सैनिक इजराइल पहुंच चुके हैं, जो युद्धविराम की निगरानी के लिए बनाए जा रहे समन्वय केंद्र में कार्य करेंगे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सैकड़ों ट्रक चिकित्सा सामग्री और अस्पताल उपकरणों के साथ गाजा में प्रवेश के लिए तैयार हैं। इससे प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल होने की उम्मीद है।

**01 :** ट्रंप की मध्यस्थता में इजराइल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम का पहला चरण लागू हुआ।

**02 :** इजराइली सैनिकों की वापसी के साथ हजारों फिलिस्तीनी अपने घरों को लौटने लगे।

**03 :** हमास के पास सोमवार तक 48 बंधकों की रिहाई का समय, अगले चरण में गाजा का विसैन्यीकरण प्रस्तावित।

**04 :** अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां युद्धविराम की निगरानी व मानवीय सहायता पहुंचाने में जुटीं।

# भूकंप का प्रकोप : दक्षिण अमेरिका और फिलीपींस में झटके

शनिवार तड़के दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका के बीच समुद्र में ड्रेक पैसेज में 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (NCS) के अनुसार, इसका केंद्र मात्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके देश-विदेश के कई हिस्सों में महसूस किए गए और सुनामी का अलर्ट भी जारी किया गया।
इसी बीच, शुक्रवार को दक्षिणी फिलीपींस के पास कुछ घंटों के अंतराल पर दो शक्तिशाली भूकंप के झटके आए। पहला झटका सुबह में 7.4 तीव्रता का था, जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हुई, भूस्खलन और संरचनात्मक नुकसान हुआ तथा तटीय क्षेत्रों से लोगों को खाली कराया गया। हालांकि, बाद में सुनामी की चेतावनी वापस ले ली गई।
दूसरा झटका 6.8 तीव्रता का था, जो फिलीपीन गर्त में 37 किलोमीटर की गहराई पर आया। दावाओ ओरिएंटल प्रांत के मनय शहर में इसे महसूस किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि यह हलचल गर्तीय गतिविधियों के कारण हुई थी।



# मेसी की गैरमौजूदगी में भी अर्जेंटीना की आसान जीत, वेनेज़ुएला को 1-0 से हराया

**मियामी,** (हि.स.)।लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी में खेले गए एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेज़ुएला को 1-0 से पराजित किया
विश्व चैंपियन अर्जेंटीना के लिए मैच का एकमात्र गोल 31वें मिनट में जियोवानी लो सेल्सो ने किया। यह गोल शानदार टीम संयोजन का नतीजा था, जिसमें जूलियन अल्वारेज़ और लाउटारो मार्टिनेज की बेहतरीन साझेदारी शामिल रही। लो सेल्सो ने वेनेज़ुएला के गोलकीपर जोसे कॉन्ट्रेरास को सटीक लेफ्ट-फुट शॉट से मात दी।
मैच हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला गया, जहां 65,000 की क्षमता वाले स्टेडियम में मात्र 15,000 दर्शक मौजूद थे। इंटर मियामी के स्टार मेसी दर्शकदीर्घा से यह मुकाबला देखते नजर आए। अर्जेंटीना की ओर से अल्वारेज़ और मार्टिनेज ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने भी प्रभावित किया।
यह मुकाबला अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान फ्लोरिडा में अर्जेंटीना के दो अभ्यास मैचों में से पहला था। विश्व चैंपियन टीम अब अगला मैच मंगलवार को फोर्ट लॉडरडेल में प्यूर्टो रिको के खिलाफ खेलेगी। यह मैच मूल रूप से शिकागो के सोल्जर फील्ड में होना था, लेकिन अमेरिका में प्रवासियों पर सरकारी कार्रवाई के बीच इसे स्थानांतरित कर दिया गया।

# भारत ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की, गिल और जायसवाल का शतक

**नई दिल्ली ,** (हि.स.)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित कर दी। कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 129 रन की पारी खेली और अपने टेस्ट करियर का 10वां तथा बतौर कप्तान पहला शतक जड़ा। गिल ने ध्रुव जुरेल के साथ छठे विकेट के लिए 102 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। जुरेल ने 44 रन बनाए और बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए, जिसके बाद गिल ने तुरंत पारी घोषित कर दी।
भारत की पारी में ओपनर यशस्वी जायसवाल ने शानदार 175 रन की पारी खेली, लेकिन वह रन आउट होकर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए।
उनका रन आउट शुभमन गिल के साथ तालमेल की कमी के कारण हुआ, जो भारतीय पारी का एकमात्र निराशाजनक पल रहा।
साई सुदर्शन ने भी शानदार 87 रन का योगदान दिया, जबकि केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए।
भारत की बल्लेबाजी पूरी तरह हावी रही और वेस्टइंडीज के गेंदबाज बेअसर साबित हुए। स्पिनर




जोमेल वारिकन ने सबसे सफल गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि रॉस्टन चेज को एक सफलता मिली। गिल की कप्तानी में भारतीय बल्लेबाजी संतुलित और आक्रामक दोनों नजर आई।
गिल के इस शतक से उनका करियर औसत 43.47 और बतौर कप्तान औसत 84.81 तक पहुंच गया।
कुल मिलाकर, दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा कायम रहा, जहां जायसवाल, सुदर्शन और कप्तान गिल के दमदार प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और टीम ने आत्मविश्वास से भरी पारी घोषित की।


# बनारस के गौरव मौर्या आईटीबीपी ने जीता स्वर्ण पदक, पुलिस गेम्स में शानदार प्रदर्शन




**वाराणसी,** (हि.स.)। जूडो क्लस्टर गेम में वाराणसी के गौरव मौर्या ने शहर का मान बढ़ाया है। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की ओर से आयोजित 10वीं अखिल भारतीय पुलिस गेम्स (जूडो क्लस्टर) में गौरव मौर्या (आईटीबीपी ) ने कराटे स्पर्धा के कुमिते 60 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की । गौरव ने क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड पुलिस को 5-7 से, सेमीफाइनल में असम राइफल्स को 6-7 से, और फाइनल में सीआरपीएफ के खिलाड़ी को 6-8 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए गौरव ने ओडिशा में आयोजित नेशनल कैंप में दिन-रात कठिन अभ्यास किया। गौरव ने शनिवार को 'हिन्दुस्थान समाचार' को बताया कि इस सफलता के पीछे उनके परिवार, कोच और टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। बता दें ,गौरव की जीत से भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) बल और वाराणसी का नाम पूरे प्रदेश में गर्व से ऊँचा हुआ है

# संन्यास की घोषणा के बाद जोर्डी आल्बा ने कहा- मेरे लिए अब पीछे हटना ही सही है

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा),** (हि.स.)। स्पेन और बार्सिलोना के दिग्गज डिफेंडर जोर्डी आल्बा ने फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला ले लिया है। इंटर मियामी के लिए खेल रहे आल्बा ने कहा कि उन्होंने दो साल और खेलने का सोचा था, लेकिन अंततः उन्होंने संन्यास लेना ही सही समझा।
आल्बा ने स्पेनिश में इंटर मियामी के ट्रेनिंग बेस पर पत्रकारों से कहा, “मुझे लगता है कि यह सबसे सही फैसला है, शारीरिक रूप से मैं अभी भी अच्छा महसूस करता हूं, लेकिन ईमानदारी और निष्पक्षता इसी में है कि अब पीछे हट जाऊं। यह मेरा निजी फैसला है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह सही है।”




आल्बा इस सीज़न के अंत तक मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी के लिए खेलेंगे और फिर शानदार करियर को अलविदा कह देंगे। वह स्पेन की ओर से तीन फीफा विश्व कप (2014, 2018, 2022) में खेले और बार्सिलोना को छह ला लिगा खिताब, पांच कोपा डेल रे ट्रॉफियां और 2015 में चैंपियंस लीग जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, “मेरे लिए अब पीछे हटना ही सही है। मुझे अपने करियर पर गर्व है।”
इंटर मियामी शनिवार को अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मुकाबले के बाद आल्बा को विशेष विदाई देगा। क्लब में कुछ ही समय पहले सर्जियो बुस्केट्स ने भी सीज़न के अंत में संन्यास लेने की घोषणा की थी।
आल्बा ने इंटर मियामी के लिए अब तक सभी प्रतियोगिताओं में 95 मैच खेले हैं, जिनमें 14 गोल और 38 असिस्ट शामिल हैं। आल्बा, बुस्केट्स और लुईस सुआरेज़ ने लियोनेल मेसी के साथ बार्सिलोना में सुनहरा दौर जिया था और 2023 में मेसी के मेजर लीग सॉकर में आने के बाद तीनों ने इंटर मियामी जॉइन किया था।
मेसी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, “धन्यवाद जोर्डी। मैं तुम्हें बहुत मिस करूंगा। इतने सालों तक साथ खेलने के बाद अब मैदान पर बाईं ओर तुम्हें न देख पाना अजीब लगेगा।” मेसी और आल्बा की जोड़ी फुटबॉल में अपनी अद्भुत समझ के लिए जानी जाती है।

# 1948 लंदन ओलंपिक का गोल्ड मेडल भारतीय हॉकी के लिए हमेशा खास रहेगा : हरमनप्रीत सिंह

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा),** (हि.स.)।भारतीय खेल इतिहास में हॉकी का स्थान हमेशा विशेष रहा है। 1948 लंदन ओलंपिक में आज़ादी के एक वर्ष बाद भारत ने पहली बार अपने तिरंगे के नीचे खेलते हुए ग्रेट ब्रिटेन को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। यह जीत न केवल खेल उपलब्धि थी, बल्कि राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक भी बनी। यह वही ऐतिहासिक क्षण था जब पहली बार ओलंपिक में भारतीय ध्वज फहराया गया और देश का नाम विश्व पटल पर गौरव से अंकित हुआ।

**हरमनप्रीत की प्रेरणा और भावनात्मक जुड़ाव** : भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 1948 की जीत भारतीय खिलाड़ियों के लिए



आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा, “जब हमें यह बताया गया कि स्वतंत्र भारत ने ब्रिटेन की धरती पर जीत हासिल की थी, तो वह गर्व का अहसास आज भी रोमांचित कर देता है। हमने अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों से उस दौर की कहानियाँ सुनी हैं, जो टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं।”

**2028 ओलंपिक में स्वर्ण का सपना** : हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। अब लक्ष्य 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर फिर से ओलंपिक मैदान में राष्ट्रगान सुनना है। उन्होंने कहा, “हम देश के लिए नौवां गोल्ड मेडल जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हॉकी और भारत का रिश्ता भावनाओं से भरा है, और हमें विश्वास है कि यह सपना अवश्य पूरा होगा।”

**बलबीर सिंह सीनियर से अविस्मरणीय मुलाकात** : हरमनप्रीत ने महान खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर से अपनी मुलाकात को जीवन का यादगार क्षण बताया। उन्होंने कहा, “बलबीर सिंह सर ने जब हमें लंदन ओलंपिक की कहानियाँ सुनाईं, तो लगा मानो हम उसी मैदान में मौजूद हों। उन्होंने बताया कि वहां की भीड़ भारतीय टीम के लिए तालियाँ बजा रही थी — यह सुनकर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं।” बलबीर सिंह सीनियर उस स्वर्णिम जीत में भारत के प्रमुख नायकों में से एक थे, जिन्होंने फाइनल में तीन गोल किए थे।